उज्जैन
मंगलवार
17
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-132
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



अदा शर्मा का अनोखा अवतार : आलसी सुपरहीरो बनकर सुपर वेली में मचाएंगी धमाल



# पाकिस्तान की अफगानिस्तान में एयरस्ट्राइक

## 400 लोगों की मौत, 250 घायल, तालिबान का आरोप- पाक ने नशा मुक्ति सेंटर पर बम गिराए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ काबुल



पाकिस्तान ने सोमवार रात एक बार फिर अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक की है। पाकिस्तानी एयरफोर्स के लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिनमें एक हॉस्पिटल भी है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक इसमें 400 लोगों की मौत हो गई, वहीं 250 से ज्यादा घायल हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक दारुलअमान, अरजान कीमत, खैरखाना और काबुल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास कई जगहों पर धमाकों और गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं।

तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी सेना ने काबुल में एक नशा मुक्ति अस्पताल पर बम गिराए।

तालिबान ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया है और कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के एयरस्पेस का उल्लंघन किया है।

वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया और कहा कि काबुल में किसी अस्पताल को निशाना नहीं बनाया गया।

### हमले से 2000 बेड वाले हॉस्पिटल को भारी नुकसान

अफगानिस्तान सरकार के डिप्टी प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि यह हमला स्थानीय समय के अनुसार रात करीब 9 बजे हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह हॉस्पिटल 2000 बेड का है। इसे भारी नुकसान हुआ है। मीडिया की टीमें जब वहां पहुंची तो अस्पताल के कुछ हिस्सों में तब भी आग लगी हुई थी। करीब 30 से ज्यादा शव स्ट्रेचर पर बाहर निकाले जा रहे थे। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि वहां बहुत ज्यादा मरीज थे, इसलिए मृतकों और घायलों की संख्या बहुत ज्यादा हो सकती है।

### अफगान क्रिकेटर राशिद खान ने यूएन से जांच की मांग की

अफगानिस्तान के क्रिकेटर राशिद खान ने पाकिस्तानी हमलों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा काबुल में हाल ही में हुए हवाई हमलों से लोग दुखी हैं। इन हमलों में कई आम लोगों की जान चली गई। कुछ हमले घरों, स्कूलों और अस्पतालों के आसपास भी हुए। आम लोगों के इलाकों पर हमला करना अंतरराष्ट्रीय कानून के हिसाब से युद्ध अपराध माना जाता है, चाहे वह जानबूझकर किया गया हो या गलती से। खासकर रमजान के पवित्र महीने के दौरान ऐसी घटना से लोगों में और ज्यादा दुख और गुस्सा है।

## मार्च में साइन होने वाली भारत-अमेरिका अंतरिम ट्रेड डील टली

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच होने वाली अंतरिम ट्रेड डील अब कुछ समय के लिए टल गई है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, यह डील अब तभी साइन होगी, जब अमेरिका अपना नया ग्लोबल टैरिफ स्ट्रक्चर तैयार कर लेगा।



दरअसल, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने हालिया फैसले में डोनाल्ड ट्रम्प की उन शक्तियों को खत्म कर दिया है। जिसके तहत वे इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट का इस्तेमाल कर भारी टैरिफ लगा देते थे। भारत और अमेरिका के बीच यह ट्रेड डील पहले इसी महीने यानी मार्च में साइन होने वाली थी। हालांकि, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने पुराने रेसिप्रोकल टैरिफ को अमान्य कर दिया है।

## पुलिसकर्मियों को वकीलों ने दौड़ाकर खदेड़ा, जिला न्यायालय में हंगामा

**नई दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर जिला न्यायालय में सोमवार 16 मार्च को वकीलों ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन करते हुए न्यायिक कार्य पूरी तरह ठप कर दिया। बार एसोसिएशन का आरोप है कि बिसरख पुलिस ने एक अधिवक्ता के घर में घुसकर न केवल उनके परिवार के साथ अभद्रता की, बल्कि वकील को जबरन हिरासत में लेकर थाने में उनके साथ मारपीट भी की। वकीलों का गुस्सा इस कदर भड़का कि उन्होंने कोर्ट परिसर से पुलिसकर्मियों को बाहर खदेड़ दिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। तनाव बढ़ता देख प्रशासन ने चार पुलिसकर्मियों को तुरंत निलंबित कर दिया है, लेकिन वकील दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं।

## पाकिस्तान वाले एक हो जाएं तो इनका रोटी-पानी बंद करें

**अमृतसर।** सिख श्रद्धालुओं की आड़ में पाकिस्तान जाकर मुस्लिम व्यक्ति से निकाह करने वाली पंजाबी महिला सरबजीत का नया वीडियो सामने आया है।



यह वीडियो टिकटॉक पर बनाया गया है, जिसमें सरबजीत के साथ उसका मुस्लिम पति नासिर हुसैन भी नजर आ रहा है। इस वीडियो में सरबजीत सिखों को लेकर बेहद आपत्तिजनक कमेंट करती हुई नजर आ रही है। वह सिखों के पाकिस्तान आने पर सवाल उठाने के साथ कह रही है कि अगर पाकिस्तान वाले एक हो जाएं तो इनकी रोजी-रोटी बंद हो जाए। इससे पहले सरबजीत को खालिस्तानियों का सपोर्ट का वीडियो सामने आया था। जिसमें उन्होंने सरबजीत को बुआ और उसके मुस्लिम पति नासिर को अपना फुफ्फड़ बताते हुए मदद का भरोसा दिया था।

## परीक्षा और मूल्यांकन से जुड़ी भ्रामक सोशल मीडिया पोस्ट पर होगी कानूनी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेक्यूरीटी इज्यूकेशन ने बोर्ड परीक्षाओं और मूल्यांकन प्रक्रिया से जुड़ी भ्रामक या गलत जानकारी सोशल मीडिया पर साझा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। बोर्ड ने सोमवार को जारी अपने निर्देश में स्पष्ट कहा कि यदि कोई व्यक्ति परीक्षा या मूल्यांकन प्रक्रिया से संबंधित गलत, भ्रमित करने वाली या तथ्यात्मक रूप से गलत जानकारी ऑनलाइन साझा करता पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इसके साथ ही बोर्ड ने मूल्यांकन प्रक्रिया में शामिल शिक्षकों को भी सख्त निर्देश दिए हैं कि वे सोशल मीडिया पर परीक्षा कॉपियों के मूल्यांकन से जुड़े अनुभव, टिप्पणियां या राय साझा न करें, क्योंकि यह पूरी प्रक्रिया गोपनीय होती है और इसे सख्त नियमों के तहत संचालित किया जाता है।

## मार्क जुकरबर्ग बनकर रिटायर्ड टीचर से ठगे 1.57 करोड़ रुपये

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कानपुर

फेसबुक, इंस्टाग्राम के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग बनकर शातिरों ने कानपुर के रिटायर्ड टीचर से 1.57 करोड़ रुपए की ठगी कर ली। ठगों ने खुद को मार्क जुकरबर्ग बताते हुए उनसे सोशल मीडिया के जरिए संपर्क किया और कानपुर में स्कूल का बिजनेस करने का झांसा देकर 25 जनवरी 2025 से 20 फरवरी 2026 तक विभिन्न खातों में रकम जमा कराई।

मार्क जुकरबर्ग के बाद अमेरिकी गायक जॉर्श टर्नर और टेस्ला कंपनी के मालिक एलन मस्क का सहयोगी बताकर ठगों ने संपर्क किया। रिटायर्ड टीचर ने रुपए वापस मांगे तो आरोपियों ने रकम बढ़कर 2.23 करोड़ देने को कहा। टैक्स, वेरिफिकेशन और स्टांप ड्यूटी के नाम पर पैसे जमा कराए। रिटायर्ड टीचर ने सोमवार को कानपुर के साइबर क्राइम ब्रांच थाने में एफआईआर कराई है।

**कैंट के मेथाडिस्ट स्कूल से रिटायर्ड हैं टीचर–** चकेरी के आनंद नगर निवासी एलिसन वीम्स कैंट स्थित मेथाडिस्ट हाई स्कूल से रिटायर्ड हैं। उनकी पहचान फेसबुक पर एक व्यक्ति से हुई, जिसमें युवक ने खुद को मार्क जुकरबर्ग बताया और चैटिंग शुरू की। उनको विश्वास में लेकर कानपुर में स्कूल का बिजनेस करने की बात कही। मार्क जुकरबर्ग के बाद उनका संपर्क फेसबुक और वॉट्सऐप के जरिए दूसरे युवक से हुआ, जिसने खुद को अमेरिकी गायक जॉश टर्नर बताया। उसने खुद को एलन मस्क का सहयोगी भी बताया। इसके बाद उसने भी स्कूल खोलने और उसमें नौकरी देने का आश्वासन दिया।

## इराक में अमेरिकी दूतावास पर ड्रोन अटैक

### इजराइल की तेहरान पर एयरस्ट्राइक, एलपीजी और क्रूड ऑयल लेकर आज भारत पहुंचेंगे दो जहाज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बगदाद

इराक की राजधानी बगदाद में स्थित अमेरिकी दूतावास पर ड्रोन और रॉकेट से हमला किया गया है। हमले से करीब छह घंटे पहले ही दूतावास ने इराक में रह रहे अमेरिकी नागरिकों के लिए सुरक्षा चेतावनी जारी की थी।

इसी बीच इजराइल ने दावा किया है कि उसने ईरान की राजधानी तेहरान में बड़े पैमाने पर एयरस्ट्राइक की है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक तेहरान के उत्तरी इलाके में कई जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई। उधर इस तनाव के बीच भारत के लिए राहत की खबर है। भारत के दो जहाज आज गुजरात के कांडला पोर्ट और मुंद्रा पोर्ट पहुंचने वाले हैं। नंदा देवी जहाज करीब 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर कांडला पहुंचेगा, जबकि जग



लाडकी जहाज करीब 81 हजार टन कच्चा तेल लेकर मुंद्रा पोर्ट पहुंचेगा। ये दोनों जहाज होर्मुज स्ट्रेट से तेल और गैस लेकर भारत आ रहे हैं। इससे पहले भारतीय जहाज शिवालिक सोमवार को एलपीजी लेकर मुंद्रा पोर्ट पहुंच चुका है। इस जहाज पर करीब 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी है, जो लगभग 32.4 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर है।

## राज्यसभा चुनाव-एनडीए की 37 में से 22 सीटों पर जीत

### 10 सीटों का फायदा, विपक्ष को 10 का नुकसान, ओडिशा-हरियाणा में कांग्रेस विधायकों की क्रॉस वोटिंग



ब्रह्मास्त्र ▸▸ पटना

10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों के चुनाव परिणाम सोमवार को घोषित हुए। एनडीए ने 22 और विपक्ष ने 15 सीटें जीतीं हैं। एनडीए को 10 सीटों का फायदा हुआ है। वहीं, विपक्ष को 10 सीटों का नुकसान हुआ। पहले एनडीए के पास 12 और विपक्ष के पास 25 सीटें थीं। इन 37 सीटों में से 26 पर प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए। तीन राज्य हरियाणा, बिहार और ओडिशा में 11 सीटों पर चुनाव हुए। इनमें से 9 सीटें एनडीए के खाते में गईं। विपक्ष को 2 सीटें मिलीं। ओडिशा और हरियाणा में कांग्रेस के विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की। बिहार में विपक्ष के 4 विधायक वोट डालने ही नहीं पहुंचे। इससे भाजपा को फायदा मिला।

### ओएमजी : झारखंड में शादी में रसगुल्ला खाते ही गले में फंसा

## दम घुटने से व्यक्ति की हुई दर्दनाक मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जमशेदपुर

एक शादी समारोह के दौरान दिल दहला देने वाली घटना घटी है। यहाँ भोज के दौरान रसगुल्ला खाने से एक 41 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, गले में रसगुल्ला फंसने के कारण व्यक्ति का दम घुट गया और अस्पताल ले जाने तक उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। इस हादसे के बाद शादी की खुशियां पूरी तरह मातम में बदल गईं।

यह घटना जमशेदपुर में सोमवार 16 मार्च के सुबह की है, जब ललित सिंह नाम का व्यक्ति मालियानता गांव में एक विवाह समारोह में शामिल होने गया था।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ललित भोजन कर रहा था और इसी दौरान उसने रसगुल्ला खाया। मिठाई खाने के कुछ ही सेकंड बाद उसे सांस लेने में गंभीर कठिनाई होने लगी। वहां मौजूद लोगों ने तुरंत स्थिति को भांप लिया और उसके गले से रसगुल्ला निकालने की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहे। ललित की हालत बिगड़ते देख उसके पिता उसे लेकर आनन-फानन में नजदीकी एमजीएम अस्पताल पहुंचे।

### डॉक्टरों ने बताई मौत की वजह

अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने ललित की जांच की, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित करते हुए बताया कि रसगुल्ले ने उसकी सांस की नली को पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया था। डॉक्टरों के अनुसार, श्वास नली बंद होने से शरीर में ऑक्सीजन की आपूर्ति रुक गई, जिससे कुछ ही मिनटों के भीतर ललित की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद ललित के शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है।




## खबर एक नजर...

### बदमाश के पास मिली एमडी ड्रग्स की पुड़िया

**उज्जैन।** मारपीट-आर्म्स के 9 मामलों में आरोपी रह चुके बदमाश के पास से घट्टिया थाना पुलिस ने एमडी ड्रग्स की पुड़िया बरामद की है। बदमाश को न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिये 1 दिन की रिमांड पर लिया गया है। घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम धन्नाखेड़ी रोड स्टेडियम गेट के पास एक युवक मादक पदार्थ की पुड़िया बेच रहा है। सूचना पर पुलिस टीम घेराबंदी करने पहुंची, युवक को पकड़ा गया तो वह बहस करने लगा। उसे हिरासत में लेकर तलाशी ली गई तो उसके पास से एमडी ड्रग्स की पुड़िया मिली। पूछताछ करने पर वह बरगलाने लगा। जिसे थाने लाकर सख्ती की गई तो उसने अपना नाम गोलू उर्फ साइम पिता सुल्तान खान 32 साल निवासी न्यू राजीव नगर दमदमा बताया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर अपराधिक रिकार्ड खंगाला गया तो सामने आया कि उसके खिलाफ मारपीट, आर्म्स एक्ट के नरवर, उज्जैन और अन्य थानों में 9 मामले दर्ज है। सोमवार दोपहर आरोपी को न्यायालय में पेश कर 1 दिन की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। इस बात पता लगाया जा रहा है कि वह ड्रग्स कहां से लेकर आता है।

### जयपुर में अध्ययन करने वाली छात्रा का उज्जैन में शोषण

**उज्जैन।** जयपुर में अध्ययन करने वाली मंदसौर की युवती के साथ उज्जैन की होटल में हुए शोषण का मामला सामने आया है। घटना 5 माह पहले की है, पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपित युवक की तलाश शुरू की है। बताया जा रहा है कि मंदसौर की रहने वाली युवती जयपुर में अध्ययन करती है। वर्ष 2025 में उसकी जयपुर रेलवे स्टेशन पर सवाई माधोपुर के रहने वाले युवक से पहचान हुई थी। दोनों ने एक-दूसरे के मोबाइल नम्बर लिये और बातचीत के दौरान मामला प्रेम प्रसंग में बदल गया। सितम्बर माह में दोनों उज्जैन आये और देवासगेट क्षेत्र की होटल में ठहरे। इस दौरान युवक ने युवती को अपनी मंगेतर बताया। होटल में साथ रहने के दौरान युवक ने शोषण किया। वापस जयपुर लौटने पर युवक ने बातचीत बंद कर दी। युवती ने जानकारी जुटाई तो पता चला कि उसका प्रेम पहले से शादीशुदा है। अपने साथ गलत होने पर पांच माह बाद युवती ने उज्जैन आकर देवासगेट थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बताया कि मामला महिला संबंधित अपराध से जुड़ा होने पर युवक के खिलाफ गलत काम करने का प्रकरण दर्ज किया गया है। युवक की तलाश में पुलिस टीम सवाई माधोपुर भेजी जायेगी।

### चार लाख का दिया झांसा, ट्रांसफर करा लिये दो लाख

**उज्जैन।** चार लाख खाते में भेजने का झांसा देकर शातिर बदमाश ने दो लाख वापस ट्रांसफर करा लिये। खाते में चार लाख नहीं आने पर युवक को धोखाधड़ी होने का आभास हुआ। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। महिदपुर थाना पुलिस ने बताया कि शफी कालोनी में रहने वाले सोनू पिता मुबारिक हुसैन मंसूरी ने शिकायत दर्ज कराई कि 8 मार्च को उसके साथ 2 लाख की धोखाधड़ी हुई है। अज्ञात बदमाश ने उसके रिश्तेदार के नाम की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर उसे मैसेंजर पर मैसेज भेजा और बताया कि खाते में 4 लाख ट्रांसफर किये है। आज छुट्टी होने पर खाते में राशि शो नहीं होगी। कुछ देर बाद उसका मैसेज आया और कहा कि मेरे रिश्तेदार का मोबाइल नम्बर दे रहा हूं। उसमें 1 लाख रुपए ट्रांसफर कर दो। उसने रुपए भेज दिये। कुछ देर बाद फिर से 1 लाख भेजने की बात कहीं गई। फेसबुक आईडी रिश्तेदार की होने पर विश्वास कर 1 लाख और मोबाइल नम्बर पर ट्रांसफर कर दिये। दूसरे दिन खाते में चार लाख नहीं आये तो संदेह हुआ। उसने उक्त मोबाइल नम्बर पर कॉल किया तो संपर्क नहीं हुआ। थाना पुलिस के अनुसार ऑनलाइन हुई धोखाधड़ी के मामले में सोनू द्वारा सप्ताहभर बाद आकर शिकायत की गई है। फिलहाल धारा 318 (4), 319 (2), 308 का प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। बैंक से भी जानकारी मांगी गई है।

**कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में विस्तार से चर्चा**

# उज्जैन में प्रॉपर्टी गाइडलाइन दरें 17.18% बढ़ेंगी

## 3229 लोकेशन प्रभावित, 40 नई कॉलोनियों को भी किया शामिल

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

उज्जैन में अचल संपत्तियों की नई गाइडलाइन दरों में औसतन 17.18% की वृद्धि का प्रस्ताव है। सोमवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में इस पर विस्तार से चर्चा हुई। इस बैठक में उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा सहित समिति के सदस्य और सभी तहसीलों के राजस्व अधिकारी मौजूद रहे।

वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित इन दरों के तहत जिले की कुल 4353 लोकेशन में से 3229 स्थानों पर दरें बढ़ाने का प्रस्ताव है। इनमें शहरी क्षेत्र की



1665 और ग्रामीण क्षेत्र की 1564 लोकेशन शामिल हैं। प्रस्तावित वृद्धि के अनुसार शहरी क्षेत्रों में दरों में 12.96% और ग्रामीण क्षेत्रों में 21.38% की बढ़ोतरी होगी। कुल औसत वृद्धि 17.18% रहने का अनुमान है।

### जिले के 33 स्थानों पर 100% वृद्धि प्रस्तावित

उज्जैन शहर के कई प्रमुख क्षेत्रों जैसे तिरूपति ग्राण्ड, महाकाल मार्ग, दशहरा मैदान, वजीर पार्क, महालक्ष्मी नगर और दवा बाजार में दरों में वृद्धि प्रस्तावित है। वहीं ग्रामीण इलाकों में दताना, नरवर, पिपलौदा और जीवनखेड़ी जैसे क्षेत्रों में 50% से 100% तक की बढ़ोतरी देखी जा रही है। जिले के 33 स्थानों पर 100% या उससे अधिक वृद्धि प्रस्तावित की गई है, जिनमें रत्नाखेड़ी, जमालपुर, मंगरोला, प्रकाश नगर और नागदा का जवाहर मार्ग शामिल हैं।

### 40 नई कॉलोनियों को गाइडलाइन में शामिल किया

इस प्रस्ताव में जिले की 40 नई कॉलोनियों को भी गाइडलाइन में शामिल किया गया है, जिनमें से 29 उज्जैन तहसील में हैं। प्रमुख नई कॉलोनियों में शिवांश सिग्नेचर, तिरूपति सिलिकॉन सिटी, मनी विहार गोल्ड और द ग्रीन सिटी शामिल हैं।

### आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित

प्रशासन ने आम जनता से नई गाइडलाइन दरों पर आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किए हैं। नागरिक 22 मार्च शाम 6 बजे तक तहसील कार्यालय या वरिष्ठ जिला पंजीयक कार्यालय में अपनी राय दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद अंतिम प्रस्ताव केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजा जाएगा।

# 70 की उम्र में दूसरी बार संपूर्ण परिक्रमा

## 50 लघु और एक पैदल यात्रा के बाद अब बाइक से नर्मदा पथ पर निकले मंडलोई

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

आस्था के पथ पर उम्र कभी बाधा नहीं बनती, इसे सच कर दिखाया है अवंतिका नगरी के 70 वर्षीय जुझारू व्यक्तित्व अशोक मंडलोई ने। मन में नर्मदा मैया के प्रति अटूट श्रद्धा लेकर मंडलोई एक बार फिर 3000 किलोमीटर लंबी परिक्रमा के लिए मोटरसाइकिल से निकल पड़े हैं। खास बात यह है कि अशोक मंडलोई का नर्मदा पथ से नाता दशकों पुराना है। वे अब तक ओंकारेश्वर से 50 बार लघु परिक्रमा करने का कीर्तिमान रच चुके हैं और एक बार पूरी 3000 किमी की यात्रा पैदल भी पूर्ण कर चुके हैं। अब वे दूसरी बार संपूर्ण परिक्रमा का लक्ष्य लेकर एक माह के सफर पर निकले हैं। मंगलवार को ओंकारेश्वर में विधि-विधान से पूजन और अपने पूर्वजों का आह्वान करने के बाद उनकी यह पावन यात्रा विधिवत शुरू होगी।

**सांस्कृतिक मिसाल और गौरवमयी इतिहास-** अशोक मंडलोई का जीवन भक्ति और साहस का अद्भुत मिश्रण है। शाखा के संरक्षक सुरेश चौहान ने गर्व के साथ बताया कि मंडलोई पिछले दस वर्षों से हमसे जुड़े हैं। उन्होंने याद दिलाया कि अयोध्या में बाबरी ढांचे को ध्वस्त करने के दौरान सबसे पहले हथौड़ा चलाने का अदम्य साहस अशोक मंडलोई ने ही दिखाया था। उनकी इसी जिजीविषा को देखते हुए आज पूरी शाखा ने पुष्प वर्षा कर उनकी यात्रा की कुशलता की कामना की। वहीं, विक्रम विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक उत्तम मीणा ने इसे उज्जैन के लिए गौरव की बात बताते हुए कहा कि मंडलोई केवल नर्मदा परिक्रमा ही नहीं, बल्कि भीषण गर्मी में भी हर वर्ष उज्जैन की पंचक्रोशी यात्रा पूरी श्रद्धा से करते हैं। 70 वर्ष की आयु में 3000 किमी बाइक चलाना आज के युवाओं के लिए भी एक बड़ी प्रेरणा है।



### महादेव का आशीर्वाद लेकर भरी हुंकार

यात्रा की शुरूआत पर अशोक मंडलोई ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने वर्ष 1975 में साथियों के साथ नर्मदा की यात्रा शुरू की थी। योगेश्वरी टेकरी शाखा के सदस्य अशोक देवड़ा ने बताया कि मंडलोई जब भी किसी पावन यात्रा पर निकलते हैं, तो योगेश्वर महादेव का आशीर्वाद लेना नहीं भूलते। आज भी उन्होंने महादेव का पूजन-अर्चन कर अपनी यात्रा का श्रीगणेश किया। इस दौरान दैनिक अवंतिका के प्रधान संपादक सुरेंद्र मेहता उर्फ सुमन सहित अनिल पांचाल, भगवान गोयल, नंदकिशोर काला और अन्य गणमान्य नागरिकों ने उन्हें मां नर्मदा के जयकारों के साथ विदा किया।

# ताजपुर के युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत



**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

ताजपुर में रहने वाले युवक को सोमवार शाम चरक अस्पताल लाया गया। जहां एक घंटे आईसीयू में चले उपचार के बाद उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पंवासा थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

थाना प्रभारी गरमसिंह मंडलोई ने बताया कि ताजपुर के रहने वाले सूरज पिता बाबूलाल 35 साल को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। उसके जहर खाने की खबर मिलने पर पुलिस बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची, लेकिन हालत गंभीर और आईसीयू में भर्ती होने पर बयान दर्ज नहीं हो पाये। कुछ देर बाद खबर सामने आई कि सूरज की मौत हो गई। परिजन भी कुछ स्पष्ट नहीं बता पा रहे थे कि सूरज ने जहरीला पदार्थ क्यों खाया है। मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है। मंगलवार पोस्टमार्टम के बाद परिजनों से पूछताछ कर बयान दर्ज किये जायेगें। उसे बाद ही मामला स्पष्ट हो पायेगा।

### इधर युवक ने लगाई फांसी

नरवर थाना क्षेत्र के बलाई मोहल्ला में रहने वाले धर्मेन्द्र पिता रमेश परमार 32 साल ने रविवार-सोमवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान सामने आया कि मृतक धर्मेन्द्र ईंट-भट्टे पर काम करता था, उसे फंदे पर लटका मां प्रेमबाई ने देखा और आसपास के लोगों को सूचना दी। आशंका जताई गई है कि आर्थिक परेशानी के चलते उसने मौत को गले लगाया है। पुलिस ने जांच शुरू की है।

# सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज

## सीएम और राज्यपाल शामिल होंगे, 600 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों की सौगात भी देंगे

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार 17 मार्च को उज्जैन में आयोजित विक्रम विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह मे शामिल होंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम अनुसार राज्यपाल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को अन्य कार्यक्रमों में भी सम्मिलित होंगे। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के 30 वां दीक्षांत समारोह का आयोजन मंगलवार को होगा। विश्वविद्यालय के माधव भवन प्रशासनिक परिसर स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित होने वाले समारोह की अध्यक्षता




कुलाधिपति एवं राज्यपाल मंगुभाई पटेल करेंगे। सीएम दीक्षांत समारोह के बाद शिप्रा विहार वाणिज्यिक परिसर के सामने त्रिवेणी विहार योजना स्थल पर 77 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले गीता भवन का भूमि पूजन भी करेंगे। इस दौरान वे अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे।

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल और सीएम के साथ राज्यसभा सांसद राष्ट्रीय संत बालयोगी उमेशनाथ महाराज, सांसद अनिल फिरोजिया,सम्मानीय अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के 103 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल, 74 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि और 01 विद्यार्थी को डी-लिट की उपाधि प्रदान की जाएगी। दीक्षांत समारोह के बाद सीएम मोहन यादव उज्जैन शहर को 700 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों की सौगात देंगे।

दोपहर 1 बजे से शिप्रा विहार वाणिज्यिक परिसर के सामने त्रिवेणी विहार योजना स्थल पर 77 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले गीता भवन का भूमि पूजन करेंगे। गीता भवन का निर्माण 1 लाख वर्ग फीट पर त्रिवेणी विहार योजना में सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। इस परियोजना अंतर्गत गीता भवन परिसर में आडिटोरियम 12700 वर्ग फीट, ई-लाईब्रेरी 3600 वर्ग फीट में निर्माण कार्य किया जाएगा।

उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा कियान्वित की जा रही नगर विकास योजनाओं एवं सिंहस्थ 2028 के विकास कार्यों के अंतर्गत 662.46 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा।

उज्जैन
मंगलवार
17
मार्च, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।।

अर्थ: हम भगवान की महिमा का ध्यान करते हैं, जिन्होंने इस दुनिया को बनाया है, जो पूजनीय हैं, जो ज्ञान के भंडार हैं, जो पापों और अज्ञान को दूर करने वाले हैं व हमें प्रकाश दिखाएँ और हमें सत्य के मार्ग पर ले जाएँ।

## खबर एक नजर...

### नशे में धुत्त कार सवार ने बैरिकेड्स तोड़े, पेड़ से टकराकर कार पलटी

**इंदौर।** लसूड़िया क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक ने तेज गति से कार चलाते हुए पुलिस बैरिकेड को टक्कर मारकर तोड़ दिया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाहन जब्त कर लिया गया है। टीआई तारेश सोनी के अनुसार, एक एसआई टीम के साथ 15 मार्च की रात सत्य सांई चौराहा स्थित गुजराती स्कूल के पास वाहन चेकिंग पर थे। रात करीब 12:42 बजे एक कार तेज गति से लहराते हुए चेकिंग पॉइंट की ओर आई और बैरिकेड को टक्कर मारकर भागने का प्रयास करने लगी। दूसरे बैरिकेड से बचने के प्रयास में चालक ने कार को पेड़ से टकरा दिया, जिससे कार पलट गई। चालक को पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम ध्रुव अग्रवाल (23) निवासी सांघी स्ट्रीट, महू बताया। दो महीने पहले सत्य सांई चौराहे पर नशे की हालत में तेज रफ्तार इनोवा चालक ने पुलिसकर्मी रवि चंद्रवंशी को घायल कर दिया था। आरोपी ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और फरार हो गया था। जबकि उसकी कार की नंबर प्लेट सड़क पर गिर गई। इसी से उसे पकड़ लिया गया था।

### पालतू कुत्ते ने दो बच्चों पर किया हमला, कान और गाल पर काटा

**इंदौर।** शहर में दो क्षेत्रों में पालतू कुत्तों ने दो बच्चों पर हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्चों के कान और गाल पर काट लिया। दोनों बच्चे घायल हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में मालिकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पहली घटना बाणगंगा क्षेत्र के विशाल नगर की है। टीआई सियाराम गुर्जर के मुताबिक भारती कश्यप की शिकायत पर मनोज परिहार के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया उनका डेढ़ साल का बेटा आरव आंगन में खेल रहा था। उसी दौरान सामने रहने वाले मनोज परिहार ने पालतू कुत्ते को खुला छोड़ दिया। कुत्ते ने आरव के कान और गाल पर काट लिया। दूसरी घटना तेजाजी नगर क्षेत्र की है। पुलिस ने रेखा सोलंकी की शिकायत पर सुनील कटारे के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया, उनका बेटा शुभम सोलंकी (11) खड़ा था तभी सुनील के पालतू कुत्ते ने शुभम पर झपटा मार कमर में काट लिया।

### राजस्व वसूली के लिए नगर निगम ने की सख्ती

**इंदौर।** नगर निगम आम जनता के साथ अब सरकारी विभागों से भी टैक्स वसूली के लिए सख्ती करने की तैयारी में है। नगर निगम का कहना है कि सरकारी नियमों के अनुसार सरकारी विभागों को संपत्ति कर में छूट का प्रावधान है, लेकिन वे जल कर, सीवर और सफाई जैसे उप कर भी जमा नहीं कर रहे हैं। ऐसे में निगम के राजस्व विभाग ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस विभाग सहित सभी सरकारी विभागों से उनकी संपति का ब्योरा मांगा है। स्वास्थ्य विभाग से जिले में निजी अस्पतालों और शिक्षा विभाग से निजी स्कूलों की जानकारी देने को कहा गया है। अफसरों का कहना है अब सरकारी विभागों से लिए जाने वाले शुल्क को लेकर भी पत्र भेजे जा रहे हैं। अफसरों का कहना है कि किस विभाग से कितना पैसा लेना है, इसका कोई रिकॉर्ड नहीं है, इसलिए विभागों से ही उनकी संपति की जानकारी मंगवाई है, उससे टैक्स के खातों का वेरिफिकेशन किया जाएगा। कई महीनों से निगम को सैलरी बांटने के मामले में भी परेशानी आ रही है। अफसरों के मुताबिक औसतन एक साल में एक हजार करोड़ का टैक्स जमा होता है, लेकिन 250 करोड़ रुपए का टैक्स अभी बकाया है। वहीं, खर्च की बात करें तो हर महीने वेतन-भत्तों पर ही 75 करोड़ का खर्च आ रहा है। बीते तीन साल में यह खर्च दोगुना हो गया है। अलग-अलग मदों और योजनाओं से निगम को सालभर में दो से ढाई हजार करोड़ की राशि मिलती है, जबकि अनुमानित बजट 7 से 8 हजार करोड़ तक जाता है।

### शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए 4 जोन तयः रंगों से होगी पहचान, स्टॉप भी अलग बनेंगे

# राजबाड़ा पूरी तरह ई-रिक्शा मुक्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए आखिरकार ई-रिक्शा को रंग के हिसाब से 4 जोन में बांट दिया गया है। जोन-1 में नीला, जोन-2 में पीला, जोन-3 में लाल और जोन-4 में सफेद रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ई-रिक्शाओं के रूट की पहचान उनकी छत का रंग होगा।

राजबाड़ा ई-रिक्शा मुक्त रहेगा। मंगलवार से रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएगा। 10 दिन के भीतर यह कराना ही होगा। शहर में करीब 10,500 ई-रिक्शा चल रहे हैं। रूट इस तरह तय किए गए हैं कि एक ई-रिक्शा 80 से 100 किलोमीटर तक चल सकेगा। अगर एक जोन का रिक्शा दूसरे जोन में सवारी बैठाकर चलता मिला तो उस पर चालानी कार्रवाई होगी।



### पीछे से खुले रहेंगे ई-रिक्शा, मार्किंग के अंदर ही खड़े होंगे

- सुरक्षा के लिहाज से ई-रिक्शा पीछे से खुले रहेंगे।
- नगर निगम इनके लिए अलग स्टॉप बनाएगा।
- हर क्षेत्र में रिक्शा बराबर बाटेंगे और ज्यादा भीड़ नहीं लगेगी।
- सड़क किनारे तय मार्किंग के अंदर ही रोक सकेंगे रिक्शा।
- यातायात के प्रभारी डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने सोमवार को अफसरों, मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य शरद नाईक, ई-रिक्शा संघ के अध्यक्ष राजेश बिड़कर व अन्य ई-रिक्शा प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रूट प्लान जारी किया है। डीसीपी ने बताया कि ई-रिक्शाओं को जोन का आवंटन पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर होगा।

### रजिस्ट्रेशन के लिए जरूरी दस्तावेज अनिवार्य

- ई-रिक्शा पंजीयन के लिए एक निर्धारित प्रोफार्मा जारी किया जा रहा है। इसमें सभी आवेदकों को आवश्यक जानकारी भरनी होगी। वाहन से संबंधित सभी दस्तावेज पूर्ण और वैध होने पर ही पंजीयन किया जाएगा। सभी ई-रिक्शाओं को 10 दिनों के भीतर पंजीयन कराना अनिवार्य है। तय समय सीमा के बाद बिना पंजीयन वाले ई-रिक्शाओं के खिलाफ चालानी और वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जोन 1 व 4 के लिए ट्रैफिक थाना पश्चिम (महूनाका) और जोन 2 व 3 के लिए ट्रैफिक थाना पूर्व (एमटीएच कंपाउंड) पर रजिस्टेशन होंगे।
- समय-सीमा के बाद चालानी कार्रवाई:- निर्धारित पंजीयन अवधि समाप्त होने के बाद जिन ई-रिक्शाओं का पंजीयन नहीं होगा, उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।
- पारदर्शिता एवं सुरक्षा व्यवस्था:- सभी ई-रिक्शाओं को पीछे की ओर से खुला रखा जाएगा, ताकि वाहन के अंदर की गतिविधियां स्पष्ट रूप से दिखाई दे सकें।
- बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने ट्रैफिक पुलिस के साथ समन्वय बनाकर शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा ई-रिक्शा संचालन को नियमबद्ध करने के लिए पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। मीटिंग में डीसीपी त्रिपाठी के साथ ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य शरद नाईक, बैटरी ई-रिक्शा संघ के अध्यक्ष राजेश बिडकर तथा ई-रिक्शा प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

### कस्टमर बनकर पुलिस ने हथियार तस्कर को पकड़ा

# 6 देसी पिस्टल और 4 कारतूस जब्त

### इंटरनेट कॉलिंग से करता था हथियारों का सौदा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर की द्वारकापुरी पुलिस ने राजवीर नाम के तस्कर को 6 देसी पिस्टलों के साथ पकड़ा है। पुलिस ने कस्टमर बनकर उससे संपर्क किया। बताया जाता है कि आरोपी बात करने के लिए मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करता था।

वह इंटरनेट कॉलिंग और मैसेज से ही कस्टमर से बात करता था। इसके लिए वह वीडियो और फोटो भेजता था। अभी पुलिस सिकलीगर और ऐसे लोगों की जानकारी निकाल रही है, जिन्हें राजवीर हथियार उपलब्ध कराता था। डीसीपी आनंद कलादगी की टीम ने राजवीर पुत्र उजागर सिंह निवासी ग्राम ओझर, बड़वानी को पकड़ा है। उसके पास से 6 देसी पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस मिले हैं। आरोपी के पास से इंटरनेट के मैसेज मिले हैं, जिनमें पिस्टल के फोटो, ऑडियो कॉलिंग और चैटिंग मिली है। आरोपी पुलिस से बचने के लिए इसी का उपयोग करता था। वह कई सालों से हथियारों की तस्करी कर रहा था।



**पहले भी औरंगाबाद व धुलिया में पकड़ा जा चुका है आरोपी-** राजवीर पूर्व में औरंगाबाद और धुलिया में पकड़ा जा चुका है। वहां भी उस पर हथियार तस्करी के आरोप लगे थे। वह महाराष्ट्र जेल में भी रहकर आया था। भरोसा होने के बाद ही वह डिलीवरी देने के लिए बड़वानी इलाके से निकलता था। इसके पहले वह सामान्य युवक को रैकी करने भी भेजता था।

**दिल्ली, यूपी के रास्ते भी बाहर भेजे हथियार-** राजवीर के और भी साथी इस काम में जुड़े हैं। उन्हें डिलीवरी के बदले एक निश्चित कमीशन भी मिल जाता था। उसके साथियों को पूर्व में क्राइम ब्रांच और भंवरकुआ पुलिस पकड़ चुकी है। राजवीर ने कबूला है कि वह दिल्ली और बड़वानी में भी हथियार सप्लाई कर चुका है। पुलिस अभी उसके और साथियों की जानकारी निकाल रही है। जल्द उससे जुड़े और आरोपी पुलिस की पकड़ में होंगे।

# इंदौर जू में दिखेगी चाइना टेक्नोलॉजी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में चाइना की टेक्नोलॉजी दर्शकों को देखने को मिलेगी। क्योंकि यहां 14-डी थिएटर तैयार किया जा रहा है। अप्रैल में ये थिएटर शुरू हो सकता है। यहां पर दर्शकों को आभासी दुनिया में असली रोमांच महसूस होगा। प्रबंधन का दावा है कि ये देश का पहला जू है जहां 14-डी थिएटर तैयार किया जा रहा है। खासबात यह है कि ये 14-डी थिएटर उस जगह बनाया है, जो इस्तेमाल में नहीं थी। ये जगह मास्टर प्लान से आउट की जगह है। पिछले साल मार्च महीने में यहां पर पीपीपी मोड पर काम शुरू हुआ था जो लगभग 80 से 85% पूरा हो गया है। जो काम बचा है वह भी जल्द पूरा होगा और अप्रैल में दर्शकों के लिए ये खोला जा सकता है। वे बताते है कि अभी तक कई लोगों ने 3-डी या 4-डी के बारे में सुना था, लेकिन ये 14-डी थिएटर होगा। यानी इसमें 14 एलिमेंट्स इनवॉल्व होंगे। जब थिएटर में स्क्रीन पर कोई फिल्म दिखाई जाएगी तो दर्शक वीआर ग्लास पहनकर उसे अपने सामने महसूस कर सकेंगे।


### आरटीओ चालान के नाम पर एपीके भेजकर मोबाइल हैक


# क्रेन व्यवसायी के खाते से 4.22 लाख उड़ाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में साइबर ठगों के दो अलग-अलग मामलों में लोगों से लाखों रुपए की ठगी कर ली गई। पहले मामले में ठगों ने आरटीओ चालान के नाम पर एपीके फाइल भेजकर मोबाइल हैक कर लिया, जबकि दूसरे मामले में रिवॉर्ड प्वाइंट दिलाने के बहाने ओटीपी लेकर क्रेडिट कार्ड से पैसे ट्रांसफर कर लिए। दोनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक लक्ष्मीपुरी कॉलोनी निवासी क्रेन व्यवसायी ओमकार उर्फ पिंटू तिवारी के व्हाट्सएप






नंबर पर 4 दिसंबर 2025 को मोबाइल नंबर 8966888788 से आरटीओ चालान के नाम पर एक एपीके फाइल भेजी गई। फरियादी ने फाइल को क्लिक कर डाउनलोड कर लिया, जिसके बाद आरोपी ने उनका मोबाइल हैक कर लिया।

अगले दिन रात में जब उनके एचडीएफसी बैंक खाते से ट्रांजैक्शन का अलर्ट मोबाइल पर आया तो पता चला कि अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए 4 लाख 22 हजार 500 रुपए किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर दिए गए हैं। रकम कटने का मैसेज मिलने के बाद उन्हें ठगी का पता चला। इसके बाद ओमकार ने बैंक को सूचना दी और साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद साइबर सेल ने केस डायरी मल्हारगंज थाने को सौंप दी है। पुलिस व्हाट्सएप नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह रकम विदेशी खातों में ट्रांसफर की गई है।

**रिवॉर्ड प्वाइंट के नाम पर 1 लाख की ठगी-** दूसरे मामले में विजयनगर थाना पुलिस ने एक लाख रुपए की साइबर ठगी का केस दर्ज किया है। फरियादी मनोज पाल ने बताया कि सितंबर 2025 में उनके पास एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि एक्सिस बैंक के कार्ड पर स्कोर कार्ड मेंटेन करने पर रिवॉर्ड प्वाइंट मिलेंगे। इसके लिए आरोपी ने उनसे ओटीपी नंबर मांगा। ओटीपी बताते ही उनके क्रेडिट कार्ड से करीब 1 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए गए। ठगी का पता चलने पर उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस दोनों मामलों में आरोपियों की तलाश कर रही है।

## खबर एक नजर...

### खण्डेलवाल महिला मंडल ने निकाला गणगौर का फूलपाती चल समारोह

**उज्जैन।** खण्डेलवाल महिला मंडल द्वारा अध्यक्ष संध्या बेवाल के नेतृत्व में गणगौर पर्व के उपलक्ष्य में भव्य फूल पाती चल समारोह निकाला गया। भगवान शिव यानी ह्यगणह्ल और माता पार्वती यानी ह्यगौरीह्ल के विवाह प्रसंग से जुड़े इस पारंपरिक पर्व में युवतियों को दूल्हा-दुल्हन के बाने में आकर्षक ढंग से सजाया गया। मार्ग में समाज की संस्था ह्यखण्डेलवाल एक्टिविस्टह्ल व ह्यखण्डेलवाल सोशल ग्रुपह्ल द्वारा इस फूल पाती चल समारोह का आत्मीय स्वागत किया गया।

चल समारोह के खण्डेलवाल वैश्य पंचायत भवन पहुंचने पर मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। खण्डेलवाल वैश्य पंचायत के पदाधिकारियों, महिला मंडल की अध्यक्ष संध्या बेवाल और सचिव मधु सोखिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात भवन में उपस्थित समाज की सभी महिलाओं ने पूर्ण विधि-विधान से गणगौर माता का पूजन किया और परंपरानुसार झाले दिए। इस अवसर पर फेस्टिवल ऑफ इंडिया थीम पर आधारित रंगारंग आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं ने एकल व युगल प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का अनूठे अंदाज में सफल संचालन पूजा मयंक खण्डेलवाल ने किया, जिससे आयोजन में समां बंध गया। इस गरिमामय आयोजन में मंडल की रेखा झालानी, ऊषा रावत, अनीता गुप्ता, सरोज जंघीनिया, बिंदु खण्डेलवाल, उर्मिला सामरिया और ज्योति सोखिया सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक अपनी भागीदारी दर्ज कराई।

### ग्राम पंचायतों की स्थाई संपत्तियों का प्राथमिक डॉटा सामने आने लगा

**उज्जैन।** जिले की ग्राम पंचायतों की स्थाई संपत्तियों का प्राथमिक डॉटा सामने आने लगा है। इसके हिसाब से सभी 609 ग्राम पंचायतों की 4274 में से 4218 संपत्ति ऐसी मिली जो उपयोगी है, जबकि 15 रिपेयर के लायक भी नहीं है। इन्हें डिस्मेंटल करके दूसरा निर्माण करवाना होगा। जिलेभर की सभी 6 जनपद पंचायतों में 609 ग्राम पंचायतें हैं। इन ग्राम पंचायतों की अपनी स्थाई संपत्ति हैं। जैसे कि पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, पेयजल टंकी, सड़कें आदि जो कि ग्राम पंचायत को हैंडओवर है।

# मुंबई के मोहित लालवानी के सिंधी भजनों पर झूमा समाज

### भोलेनाथ के भजनों के साथ सिंधी गानों पर दी शानदार प्रस्तुति

### उज्जैन में पहली बार हुआ सिंधी परिधानों पर फैशन शो, सिंधी भजनों पर झूमा समाज



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पूज्य सिंधी साहिती पंचायत और राष्ट्रीय सिंधी मंच के संयुक्त तत्वावधान में चेटीचंड महापर्व की शुरूआत ऐतिहासिक और भव्य तरीके से हुई। मुख्य अतिथि नारायण यादव की उपस्थिति में तीन दिवसीय इस धार्मिक उत्सव का शुभारंभ भगवान वरुण देवता झूलेलाल के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

दीपक बेलानी ने बताया कि कार्यक्रम के संयोजक महेश परयानी के नेतृत्व में चेटीचंड महापर्व का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी शुरूआत में मुंबई के विश्व विख्यात सिंगर मोहित लालवानी ने सिंधी भजनों, भोलेनाथ के भजनों और सिंधी गानों पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी, जिस पर पूरा समाज झूम उठा। वहीं सिंधी युवा-युवतियों को अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़ने के लिए मुंबई की कलाकार पूजा मोटवानी द्वारा सिंधी पारंपरिक परिधानों और अजरक पर आधारित एक विशेष फैशन शो प्रस्तुत किया गया। उज्जैन सिंधी समाज के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ।

आयोजन में समाज के वरिष्ठ प्रताप रोहरा, ओम प्रकाश आहूजा, चंदीराम जेठवानी, वासुदेव खत्री, मोहन वासवानी, दौलत खेमचंदानी, रमेश सामदानी, सुनील खत्री, जवाहर जयसिंघानी, पुरुषोत्तम रामसिंघानी, नरेश धनवानी, महेश गंगवानी, रमेश गजरानी, डॉक्टर जितेंद्र जेठवानी, ईश्वर पटेल, विशाल चन्दनानी, ललित लुल्ला, विनोद लुल्ला, रवि डोडानी, राजकुमार मेघनानी, राजू दरयानी, किशोर मुलानी, कमल शाहलानी, गोपाल राचवानी, नरेंद्र सबनानी, मूलचंद वाधवानी, जयकिशन कृपलानी, लोकेश आडवाणी, कपिल बासानी, गोपाल बलवानी, अजय अरोरा, दीपक राजवानी, ईश्वरचंद्र चंचलानी और महेश कुकरेजा सहित कई गणमान्य नागरिक शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में युवा वर्ग का भी अहम योगदान रहा। इनमें सौरभ बेलानी, किशोर मुलानी, कपिल बासानी, हरीश टेकवानी, भरत दरमदासानी, बंटू बेलानी, शशांक बेलानी, गोपाल रोचवानी, विनोद लुल्ला, ललित थावानी, सुनील नवलानी और अशोक चावला ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# मां तुझे प्रणाम योजना में उज्जैन के छात्र विशाल का चयन, करेंगे अंतरराष्ट्रीय सीमा की यात्रा

### राजस्थान की लोंगेवाला पोस्ट व तनोट माता मंदिर का करेंगे भ्रमण, योजना में चयनित होने वाले निर्मला महाविद्यालय के पहले विद्यार्थी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्य प्रदेश शासन की ह्यमां तुझे प्रणामह्ल योजना के अंतर्गत निर्मला महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के छात्र सैनिक विशाल गोवाटिया का चयन भारत की अंतरराष्ट्रीय सीमा अनुभव यात्रा के लिए हुआ है। विशाल इस गौरवशाली योजना के तहत चयनित होने वाले निर्मला महाविद्यालय के पहले छात्र हैं।

अपनी छह दिवसीय यात्रा के दौरान विशाल राजस्थान स्थित भारत की अंतरराष्ट्रीय सीमा, ऐतिहासिक तनोट माता मंदिर और लोंगेवाला पोस्ट का भ्रमण करेंगे। शासन की इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं के भीतर राष्ट्रभक्ति की अलख जगाना और उन्हें सीमा पर तैनात सैनिकों के अदम्य साहस, त्याग और कठिन परिश्रम से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना है। निर्मला महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि ह्यमां तुझे प्रणामह्ल योजना का मूल मंत्र युवाओं में राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव को सुदृढ़ करना है। विशाल की इस विशेष उपलब्धि पर निर्मला महाविद्यालय के निदेशक फादर एंटोनी जोसेफ निरपपेल, मैनेजर फादर जोस कडप्पारेल, प्राचार्या डॉ. कीर्ति डिड्डी सहित पूरे महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# गुलाल और फाग गीतों के आमेटा ब्राह्मण समाज ने मनाया फाग उत्सव

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



अखिल भारतीय आमेटा ब्राह्मण समाज का फाग उत्सव इस वर्ष भी परंपरागत रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्याम कश्यप, प्रेम नारायण उपाध्याय, नरेंद्र उपाध्याय एवं अन्य वरिष्ठजनों द्वारा गणेश पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

इस अवसर पर हरिहर भक्त मंडल तराना के रजत द्विवेदी, हेमंत शर्मा और उनके साथियों ने फाग और राधा-कृष्ण के मधुर गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में बाल मंडली के लिए चेयर रेस का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली वैदिक शर्मा को श्रीमती कीर्ति मनमोहन द्विवेदी द्वारा सम्मानित किया गया। समाज के वरिष्ठजनों और मातृशक्ति ने भी चेयर रेस सहित अन्य खेलों में हिस्सा लेकर अपने बचपन की यादें ताजा कीं और उत्सव का आनंद लिया।

कार्यक्रम में युवा और प्रसिद्ध कवि शुभम शर्मा ने अपनी श्रृंगार रस की कविताओं से भव्यता ला दी। उन्होंने अपनी पंक्तियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करते हुए कहा, ह्यमस्त टोलियों के संग झांझर वीना मृदंग लंपट के संग में धमाल बन आऊंगा, अंग अंग में तरंग मन में जगी उमंग रंग भंग संग में धमाल बन आऊंगा। प्रेम के अधर पर धर कर हर स्वर, तेरी गली गोकुल का ग्वाल बन आऊंगा। अब के बरस तेरी चुनर को रंग दूंगा, फागुन के फाग का गुलाल बन आऊंगा। वरिष्ठ समाजजनों की उपस्थिति में मातृशक्ति के फाग गीत और बच्चों के खेलों के साथ जमकर रंग-गुलाल उड़ाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ मनमोहन द्विवेदी, बालकृष्ण मनावत, मुरलीधर उपाध्याय, ओमप्रकाश कश्यप, रविंद्र उपाध्याय, अरुण त्रिवेदी, सुधीर जोशी, अरुण मनावत, राजकुमार तिवारी, नवयुवक मंडल अध्यक्ष कुलदीप जोशी, मुक्तेश मनावत, नितिन तिवारी, अभिषेक उपाध्याय, दुर्गा शंकर गौतम, मिथिलेश मनावत, पीयूष शर्मा, शैलेंद्र जोशी और देवास से आए श्री नवीन वैद्य सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं और नगर निवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन न्यूज एंकर प्रतिभा शर्मा ने किया।

### सिंहस्थ 2028: महाकाल मंदिर के पुजारी रमन गुरु ने दिल्ली में मुख्यमंत्री से की भेंट, सफल आयोजन पर हुई चर्चा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

आगामी वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ महापर्व को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए रूपरेखाओं पर चर्चा शुरू हो गई है। इसी कड़ी में श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित रमन गुरु ने नई दिल्ली स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान पंडित रमन गुरु ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को आगामी सिंहस्थ के निर्विघ्न और सफल आयोजन के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। साथ ही, इस वैश्विक महाआयोजन की तैयारियों और इसे भव्य रूप देने से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर मुख्यमंत्री के साथ विस्तृत चर्चा की।

इस विशेष भेंट के दौरान दिल्ली के प्रतिष्ठित व्यापारी गौरव मेहता भी उपस्थित रहे। व्यापारी गौरव मेहता ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष व्यापार और वाणिज्य से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषय रखे और उन पर सकारात्मक मंथन किया। चर्चा के उपरांत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पंडित रमन गुरु और व्यापारी गौरव मेहता को सिंहस्थ की सफलता और व्यापारिक विकास की दिशा में हरसंभव उचित कदम उठाने का पूर्ण आश्वासन दिया।

# सिद्धार्थ-2026 में लायंस क्लब उज्जैन क्लासिक को मिले 11 अवार्ड

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




रीजन-2 की रीजन कॉन्फ्रेंस सिद्धार्थ-2026 का आयोजन रीजन चेयरपर्सन लायन प्रदीप यादव के नेतृत्व में सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर लायंस क्लब उज्जैन क्लासिक को विभिन्न सेवा गतिविधियों एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए 11 अवार्ड से सम्मानित किया गया।

कॉन्फ्रेंस के मुख्य अतिथि एम.जे.एफ. लायन प्रवीण वशिष्ठ थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एम.जे.एफ. लायन द्वारका जालान एवं प्रथम डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एम.जे.एफ. लायन महेश मालवीय उपस्थित रहे। वहीं, मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन पी.एम.जे.एफ. लायन मनीष शाह अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कॉन्फ्रेंस में लायन रविंद्र वि. मुले को एक्सीलेंट प्रेसिडेंट अवॉर्ड, लायंस क्लब उज्जैन क्लासिक को बेस्ट क्लब अवॉर्ड और लायन विपुल सहगल को बेस्ट सेक्रेटरी अवॉर्ड प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त ब्लड डोनेशन कैंप के लिए क्लब को दो अवार्ड और आई डोनेशन कैंप के लिए स्पेशल अवॉर्ड दिया गया। मेडी बैंक सेवा गतिविधि के लिए लायन लोकेंद्र भूतड़ा को अवॉर्ड मिला, जबकि बेस्ट फोटो एल्बम एवं बेस्ट पिन कलेक्शन का अवॉर्ड अध्यक्ष लायन रविंद्र वि. मुले को प्राप्त हुआ। नेत्रदान एवं देहदान सेवा गतिविधि के लिए क्लब के चार्टर अध्यक्ष लायन संजीव गंगवाल को सम्मानित किया गया। साथ ही क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं जोन चेयरपर्सन लायन लोकेंद्र भूतड़ा को बेस्ट जोन चेयरपर्सन अवॉर्ड से नवाजा गया।स अवसर पर क्लब क्लासिक परिवार की ओर से लायन रविंद्र वि. मुले, लायन लोकेंद्र भूतड़ा, एम.जे.एफ. लायन राजशेखर शर्मा, लायन संजीव गंगवाल, एम.जे.एफ. लायन अजय जुल्का, लायन मोहन राजवानी, लायन गगन खत्री, लायन राजेश श्रीवास्तव, लायन के.के. मित्तल, लायन दीपक मोढ़े, लायन प्रभात श्रीवास्तव, लायन पंकज अग्रेष, लायन अजय खत्री और लायन प्रदीप सोमानी उपस्थित थे। इनके साथ ही सुनीता मुले, वत्सला शर्मा, पूनम जुल्का, संध्या श्रीवास्तव, हेमा खत्री, अनुश्रीया श्रीवास्तव, अरुणा मोढ़े, रूपाली अग्रवाल, दीपाली सोमानी एवं वीणा मित्तल मौजूद रहीं।

## खबर एक नजर...

### किसानों और युवाओं के हक के लिए जंतर-मंतर पर सरकार को दी चुनौती

उज्जैन। ट्रेड डील के विरोध में युवा कांग्रेस ने सोमवार को दिल्ली में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उज्जैन जिला युवा कांग्रेस सचिव रवि यादव ने अपने साथियों और युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब के नेतृत्व में पटेल नगर थाने में गिरफ्तारी दी। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर एकत्रित होकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि इस ट्रेड डील से किसानों के अधिकार दांव पर लग जाएंगे और युवाओं का भविष्य भी खतरे में पड़ जाएगा। युवा कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि जब भी किसानों और युवाओं के हितों की अनदेखी होगी, वे सड़कों पर उतरकर इसका पुरजोर विरोध करेंगे। जंतर-मंतर पर हुए इस प्रदर्शन के माध्यम से युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सरकार की नीतियों को सीधे तौर पर चुनौती दी है।

### लायंस क्लब कपल के आई चेकअप कैंप में 41 लोगों की हुई नेत्र जांच

**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जैन कपल द्वारा डॉ. अर्पित ऐरन एम.एस. के सहयोग से शहर में एक आई चेकअप कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस नेत्र परीक्षण शिविर में 41 व्यक्तियों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। यह स्वास्थ्य शिविर पीडीजी एमजेएफ लायन भगवानदास ऐरन के आतिथ्य में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान अतिथि का स्वागत क्लब अध्यक्ष लायन वंदना एस अग्रवाल और पूर्व सचिव लायन पूजा शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्लब की पूर्व अध्यक्ष लायन सरला अग्रवाल, लायन सुनील बी अग्रवाल, लायन महेश हरभजनका, लायन सुरेंद्र अग्रवाल, वाई के दुबे और लायन निशा दुबे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पूज्य सिंधी भाईबंध पंचायत ने किया समाजसेवियों का सम्मान

### मुरलीधर कोटवानी को लाइफ टाइम अचीवमेंट और वासुदेव आलवानी को सिंधु समाज सेवा सम्मान 2026 प्रदान किया

### होली मिलन समारोह में बहराना साहिब की गूंज के साथ समूह नृत्य ने मोहा मन




ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

पूज्य सिंधी भाईबंध पंचायत उज्जैन का पारिवारिक होली मिलन समारोह अब्दालपुरा स्थित संत लीलाशाह कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर रंगारंग संगीत संध्या और भगवान झूलेलाल के बहराना का विशेष आयोजन किया गया। समारोह में समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वरिष्ठ समाजसेवी मुरलीधर कोटवानी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड और वासुदेव आलवानी को सिंधु समाज सेवा सम्मान 2026 से नवाजा गया। कार्यक्रम में होली के मधुर गीतों पर भजन संध्या आयोजित की गई। साथ ही उषा शेवारामानी, राजकुमारी खेमचंदानी, बिंदिया बालवानी, लिजा चंदनानी, जया थानी और प्रेरणा पमनानी की प्रस्तुति और समूह नृत्य ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुविख्यात समाजसेवी महेश परियानी, लोकेश लद्धानी और प्रताप रोहरा उपस्थित थे। विशेष अतिथि महेश गंगवानी, रमेश समदानी, रमेश गजरानी, गंगाराम राघवानी, लोकेश आडवाणी, हरीश टेकवाणी और नौतन चेतनानी ने उपस्थित जनों को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

## लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) में राठौर बने युवा इकाई के प्रदेश महासचिव

### राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुशंसा पर प्रधान महासचिव सावन जायसवाल ने जारी किया आदेश

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की मध्य प्रदेश युवा इकाई में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी ने सतीश राठौर को मध्य प्रदेश का प्रदेश महासचिव (युवा) नियुक्त किया है।

यह नियुक्ति युवा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रणब कुमार की अनुशंसा पर मध्य प्रदेश के प्रधान महासचिव (युवा) सावन जायसवाल द्वारा की गई है। 10 फरवरी 2026 को जारी इस आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। नियुक्ति पत्र में सतीश राठौर को निर्देश दिया गया है कि वे पार्टी के अनुशासन का पालन करते हुए अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें।

इस महत्वपूर्ण नियुक्ति की प्रतिलिपि लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रणब कुमार, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल खालिद और मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हाजी साहब को भी सूचनार्थ प्रेषित की गई है।

# श्री छत्रेश्वरी चामुंडा माता मंदिर में 19 से मनाया जाएगा चैत्र नवरात्रि महोत्सव

### घट स्थापना व सूर्य अर्घ्य के साथ होगी शुरूआत, 27 मार्च को मध्यरात्रि हवन से समापन

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन



शहर के मध्य स्थित प्रसिद्ध श्री छत्रेश्वरी चामुंडा माता मंदिर में गुरुवार 19 मार्च से शुक्रवार 27 मार्च तक चैत्र नवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। पंडित सुनील चौबे और वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र शाह ने बताया कि 19 मार्च को प्रातः 7.30 बजे घट स्थापना की जाएगी। इसी दिन सूर्य को अर्घ्य देकर हिंदू नववर्ष भी मनाया जाएगा। 27 मार्च को रामनवमी के अवसर पर अर्धरात्रि 12 बजे हवन के साथ नौ दिवसीय महोत्सव का समापन होगा। मंदिर में माता की मूर्ति पूर्व दिशा की ओर मुख करके विराजित है। मंदिर के परिक्रमा पथ पर नवदुर्गा की मूर्तियां भी स्थापित हैं, जिससे श्रद्धालुओं को चामुंडा माता के साथ नौ देवियों के दर्शन का लाभ प्राप्त होता है। इसके साथ ही परिसर में हनुमान जी, भैरव जी और शिवजी के दर्शन भी होते हैं। नवरात्रि के दौरान यहाँ प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और पूजन के लिए पहुंचते हैं।

पंडित शरद चौबे के मार्गदर्शन में मंदिर में पिछले 40 वर्षों से नित्य हवन और दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जा रहा है। यहाँ प्रतिदिन सुबह 7.30 बजे और शाम 7.30 बजे भव्य आरती कर प्रसादी का वितरण किया जाता है। मंदिर में भक्त समिति के माध्यम से वर्ष 2016 से भोजन वितरण का सेवा कार्य निरंतर जारी है। इसके अंतर्गत प्रतिदिन 700 से 800 जरूरतमंद और गरीब जनों को भोजन कराया जाता है।

## शिप्रा प्रदूषण, सांदीपनि आश्रम और भू-माफियाओं के खिलाफ आचार्य सत्यम का हल्ला बोल; 23 से आमरण अनशन

### 18 मार्च को उज्जैन कमिश्नर कार्यालय पर होगा सांकेतिक सत्याग्रह; कान्ह डायवर्शन योजना को बताया जनधन की भारी बर्बादी

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

मालव रक्षा अनुष्ठान के संयोजक अधिवक्ता आचार्य सत्यम ने शिप्रा नदी के प्रदूषण, सांदीपनि आश्रम में महर्षि की मूर्ति की अनुपस्थिति और भू-माफियाओं के बढ़ते आतंक सहित विभिन्न जन समस्याओं को लेकर आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। इन ज्वलंत मुद्दों के समाधान के लिए 18 मार्च को उज्जैन संभाग मुख्यालय पर सांकेतिक सत्याग्रह किया जाएगा। यदि इसके बाद भी शासन-प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो 23 मार्च से नई दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर संसद सत्र के दौरान आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। इस संबंध में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित सूचना भेज दी गई है।

आचार्य सत्यम ने बताया कि सिंहस्थ 2028 के नाम पर अरबों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन शिप्रा नदी आज भी आठ महीने गंदे नाले की तरह बहती है। कान्ह नदी के जहरीले पानी को रोकने के लिए बनाई गई क्लोज डक्ट योजना पूरी तरह से विफल और तुगलकी है। इस योजना के जरिए कान्ह का पानी चंबल, यमुना और गंगा तक पहुंचाकर अन्य नदियों को भी प्रदूषित किया जा रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि करोड़ों खर्च करने के बजाय कान्ह के पानी को रियासत काल में निर्मित करोहन, लेकोड़ा, बामोरा और टंकारिया तालाबों में डालकर उपचारित किया जा सकता है, जिसमें 25 करोड़ रुपये से भी कम का खर्च आएगा।

एक अन्य प्रमुख मुद्दे पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि योगेश्वर श्रीकृष्ण के गुरुकुल सांदीपनि आश्रम में महर्षि सांदीपनि की प्रतिमा 'ऋषि स्वरूप' में स्थापित होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि महर्षि सांदीपनि 5000 साल पहले हुए थे और वे शिव भक्त थे। वर्तमान में वहां जो स्वरूप है वह वल्लभाचार्य की तरह 11 नंबरी तिलक लगाए और हाथ में पोथी (किताब) लिए हुए है, जबकि महर्षि सांदीपनि कोई पुजारी नहीं थे जो भागवत का पारायण करें। आचार्य ने बताया कि उनके ससुर ने संगमरमर की मूर्ति बनवाई थी, जिसे विवाद के चलते कुएं में फेंक दिया गया था। उनकी मांग है कि आश्रम में बने व्यास कक्ष या किसी खाली स्थान पर महर्षि की यथोचित 'ऋषि स्वरूप' प्रतिमा स्थापित की जाए।

### भू-माफियाओं का राज, पुलिस व प्रशासन मौन

आचार्य सत्यम ने प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में लगभग 90 प्रतिशत गौचर भूमियों पर भू-माफियाओं का कब्जा है। उज्जैन और आगर-मालवा जिले में श्रवणसिंह शेखावत और अटल गिरोह जैसे माफिया बेशकीमती शासकीय व रेल्वे की जमीनों पर काबिज हैं। न्यायालयीन आदेशों के बावजूद प्रशासन माफियाओं को संरक्षण दे रहा है। इसके अतिरिक्त आगरा-मुंबई हाई-वे निर्माण में भूमि अधिग्रहण का शिकार हुए बालुराम मेघवाल और नारायण बागरी जैसे दलित किसानों को अब तक उचित मुआवजा नहीं मिला है। अपनी जान को खतरा बताते हुए आचार्य सत्यम ने स्पष्ट किया कि विवादित 16 बीघा कृषि भूमि उनकी नहीं है, बल्कि उनके बड़े भाई ने वह जमीन कारूलाल गुर्जर नामक एक गरीब व्यक्ति को बेची थी। पिछले 25 सालों से उस पर गुर्जर का ही कब्जा था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद उनके भतीजे त्रिलोक पुरोहित ने उस गरीब गुर्जर की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है।

# अनादि पर्व में ईशानी भट्ट ने अर्पित की शास्त्रीय कत्थक नृत्य की नृत्यांजलि

### संस्कार भारती की प्रांताध्यक्ष ने किया सम्मानित, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं ईशानी

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन




विक्रमोत्सव 2026 के अंतर्गत हुआदि अनादि पर्व में 15 मार्च की शाम इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस गरिमामय समारोह में ख्याति प्राप्त नृत्यांगना ईशानी भट्ट ने शास्त्रीय कत्थक नृत्य की शानदार एकल प्रस्तुति देकर अपनी नृत्यांजलि अर्पित की।

इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में ईशानी भट्ट की उत्कृष्ट प्रस्तुति के पश्चात उन्हें मंच पर सम्मानित किया गया। संस्कार भारती की प्रांताध्यक्ष माया बदेका ने ईशानी को उनकी शानदार कलात्मक प्रस्तुति के लिए सम्मान प्रदान किया।

ज्ञात हो कि ईशानी भट्ट विगत 14 वर्षों से गुरु श्रीमती पद्मजा रघुवंशी और गुरु दीदी प्रतिभा रघुवंशी के मार्गदर्शन में गुरु-शिष्य परंपरा के अंतर्गत शास्त्रीय कत्थक नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर किया है। ईशानी ने दुबई और सिंगापुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के साथ ही ईशानी ने आगरा में आयोजित संस्कार भारती के मंच पर प्रथम पुरस्कार के साथ राधा रानी अवार्ड भी प्राप्त किया है। उन्होंने दिल्ली की झंकार नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जित किया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने राष्ट्रीय स्तरीय कला उत्सव तथा राज्य स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। ईशानी को गुरु पंडित राजेंद्र गंगानी के मार्गदर्शन में खजुराहो में आयोजित कथक नृत्य में विश्व रिकॉर्ड के लिए प्रस्तुति देने का अवसर भी प्राप्त हो चुका है।

## खबर एक नजर...

### जी राम जी से पहले गांव को बस्ती से जोड़ने की तैयारी, 313 जनपदों के लिए 3-3 करोड़ मंजूर

**उज्जैन।** मुख्य गांव से मजरे टोले (बस्ती) और सांदीपनि स्कूलों तो जोड़ने के लिए प्रदेश में नई योजना सुगम संपर्कता अभियान शुरू हुई है। इसके लिए प्रदेश की 313 जनपदों के लिए 3-3 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं। प्रत्येक बस्ती या स्कूल के लिए ग्राम पंचायत अधिकतम २० लाख रुपए खर्च कर सड़क निर्माण करवा सकेगी। इस मान से प्रत्येक जनपद क्षेत्र के 15-15 नई ग्रेवल (कांक्रीट) सड़कें बनेंगी। जो मनरेगा योजना का आिखरी काम माना जा रहा है। इसके बाद मनरेगा योजना जी राम जी के नाम से संचालित होगी। वर्तमान में उज्जैन में 90 नई सड़कें बनाई जाएंगी। मनरेगा मुख्यालय भोपाल से नई स्कीम के दिशा-निर्देश मिलते ही जिला स्तर पर भी तैयारियां शुरू हो गई। ग्राम पंचायत सरपंच सक्रिय होकर अपने गांव में सड़क निर्माण कराने आगे आने लगे हैं। जिला पंचायत ने जनपद स्तरों से योजना के तहत सड़क निर्माण प्रस्तावित करवाकर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दे दिए। इस नई स्कीम से जिले की उज्जैन, खाचरौद, महिदपुर, तराना, घट्टिया और बड़नगर कुल 6 जनपद क्षेत्रों में 18 करोड़ रुपए की सड़कें बनेंगी।

# जीवनदीप रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्त संग्रहित: 7 दंपतियों व पिता-पुत्र ने पेश की मिसाल

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली हस्तियों और इन्फ्लुएंसर्स का हुआ सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




जीवनदीप परिवार, जीवनदीप महिला विंग और संस्था 'युवा' उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को एक दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। क्षीरसागर स्थित महाराष्ट्रीयन समाज धर्मशाला में संपन्न हुए इस शिविर में कुल 51 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

शिविर में सात दंपतियों ने एक साथ रक्तदान कर समाज को प्रेरित किया। विशेष रूप से रतलाम से आए आयुषी और सम्यक जैन ने उज्जैन आकर इस पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी निभाई। इसके अलावा यग्नेश त्रिपाठी और उनके पुत्र प्रत्यूष त्रिपाठी ने पिता-पुत्र की जोड़ी के रूप में रक्तदान कर युवाओं का उत्साह बढ़ाया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली हस्तियों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली हस्तियों को सम्मानित किया गया। 67 बार रक्तदान करने वाले गौरव टेलर्स के राजेंद्र को रक्तदान रत्न से सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य सेवा में अग्रणी श्री राजेन्द्र पारमार्थिक न्यास के सुरेश, राजेंद्र जैन और ट्रस्ट मंडल का अभिनंदन कर संस्था सम्मान दिया गया। शहर की छवि को वैश्विक स्तर पर निखारने वाले 15 प्रमुख सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को उज्जैन इन्फ्लुएंसर सम्मान से नवाजा गया। समाज सेवा में अनुकरणीय योगदान के लिए साशा सचिन, अमिता अतुल जैन और चित्रा डॉ. पुष्पेंद्र जैन का विशिष्ट सम्मान किया गया। वहीं, शिविर की सफलता में मुख्य सहयोगी रहीं आशा सेठिया, मंजू गादिया और प्रीति दुग्गड़ का जीवनदीप महिला विंग द्वारा लाभार्थी सम्मान किया गया।

रक्तदान करने वाले दंपतियों में मेघना और अंकुर नाहर, प्रिया और अमित सिरोलिया, वंदना और दीपक चोपड़ा, अमिता और अजय सर्राफ, शिखा और विकास बाठिया तथा रीना और मनीष दुग्गड़ शामिल रहे। मनीष दुग्गड़ के पुत्र मनन दुग्गड़ ने भी रक्तदान किया। इनके अलावा महिला रक्तदाता राजश्री कोठारी, ममता दाता और विभा जैन ने भी रक्तदान कर अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

### आभार व उपस्थिति

जीवनदीप परिवार एवं संस्था युवा ने सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संस्था के महेंद्र नाहर, प्रदीप पीपाड़ा, रजत मेहता, विक्रांत जैन, रोमिल जैन, गौरव हरकावत, संतोष सिरोलिया, मनोज कोठारी, लव जैन, संजय संघवी, अजीत मारू, सुमित दद्दा सहित महिला विंग की सदस्याएं

# राज्य स्तरीय शूटिंग बॉल टूनार्मेंट में विदिशा के जितेंद्र बघेल ने मारी बाजी, पिपलिया हामा उपविजेता

## विजेता को 11 हजार व उपविजेता को 5 हजार रुपए का पुरस्कार- दूधिया रोशनी में हुए रोमांचक मुकाबले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जयिनी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा शास्त्री नगर खेल मैदान पर आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय शूटिंग बॉल टूनार्मेंट रविवार रात सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस रोमांचक खेल महाकुंभ में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विदिशा के जितेंद्र बघेल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर खिताब पर कब्जा जमाया, वहीं पिपलिया हामा के सिकंदर की टीम द्वितीय स्थान पर रहकर उपविजेता बनी। स्पर्धा संयोजक अधिवक्ता ललित सिंह चौहान ने बताया कि यह भव्य खेल आयोजन स्व. लक्ष्मणदास विशनवानी एवं स्व. ममता श्रीकांत वर्मा की स्मृति में किया गया। रविवार शाम से रात तक दूधिया रोशनी में खेले गए इन मुकाबलों में मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों की टीमों ने अपना शानदार दमखम दिखाया और दर्शकों ने बेहतरीन खेल का आनंद लिया। आयोजन समिति के सौरभ श्रीकांत वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें विजेता टीम को 11 हजार रुपए नकद व चमचमाती ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 5 हजार रुपए व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए व्यक्तिगत श्रेणी में बेस्ट शूटर, बेस्ट नेटर और बेस्ट डिफेंसर के विशेष आकर्षक इनाम भी प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य रूप से अध्यक्ष ओम सारवान, राजेश पाटीदार, अभिषेक शर्मा, गौरव वाधवानी, शिवम खुल्लर और मोनू दिखीत सहित उज्जयिनी स्पोर्ट्स के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राजपूताना शान के साथ मनाया गया गणगौर उत्सव, घूमर से सजी शाम

### फुटरी गणगौर ग्रुप द्वारा आयोजित महोत्सव में क्षत्राणियों ने की पूजा-अर्चना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



फुटरी गणगौर ग्रुप के तत्वावधान में राजपूत क्षत्राणियों का विशेष गणगौर उत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। इस गरिमामय आयोजन में क्षत्राणियों ने पारंपरिक वेशभूषा में अपनी संस्कृति की अनुपम छटा बिखेरी।

कार्यक्रम में अमृता राठौड़, डॉ. अनिता तोमर और रितु सिंह सिसोदिया मुख्य अतिथि के रूप में पधारी और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की रूपरेखा और इसके सफल आयोजन का दायित्व अंजु सोलंकी, प्रभा राठौड़ और ममता पंवार द्वारा निभाया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत विधि-विधान से ईसर-गणगौर की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात राजस्थानी संस्कृति का प्रतीक पारंपरिक ह्यघूमरह्न नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसने वहां मौजूद सभी लोगों का मन मोह लिया। आयोजन के दौरान क्षत्राणियों के लिए कैटवॉक और विभिन्न मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

## दसनाम गोस्वामी मंडल के होली मिलन समारोह में 150 किलो फूलों से खेली होली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री दसनाम गोस्वामी मंडल, उज्जैन का वार्षिक पारिवारिक होली मिलन समारोह में समाजजनों ने 150 किलो फूलों के साथ होली खेली और पारंपरिक उत्साह के साथ पर्व मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृशक्ति द्वारा फूल पाती निकालकर और पारंपरिक लोकगीत गायन के साथ किया गया। तत्पश्चात, उपस्थित अतिथियों ने आदि शंकराचार्य एवं भगवान दत्तात्रेय के चित्र का विधिवत पूजन किया। कार्यक्रम के दौरान समाज के अध्यक्ष विजय गिरि ने उपस्थित जनों को संबोधित किया। आयोजन में समाज के सुप्रसिद्ध भजन गायक नितेश गोस्वामी द्वारा संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी गई। भजनों की धुन पर समाजजनों ने 150 किलो फूलों के साथ जमकर होली खेली। इस गरिमामय समारोह में दसनाम गोस्वामी समाज के युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत अक्षय भारती मंगलनाथ भी उपस्थित रहे। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम के पश्चात स्वादिष्ट भोजन तथा उपवास रखने वालों के लिए अलग से व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के अंत में महंत कैलाशपुरी जी ने आभार माना। उक्त आयोजन की जानकारी युवा अध्यक्ष महेश गिरि द्वारा प्रदान की गई।

# डॉ. पाटीदार बने भाविप विक्रमादित्य के अध्यक्ष

### वर्ष 2026-27 के लिए सवार्नुमति से हुआ चुनाव, डॉ. विशाल सचिव व आनंद कोषाध्यक्ष निर्वाचित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



भारत विकास परिषद विक्रमादित्य के वर्ष 2026-27 के निर्वाचन में डॉ. प्रशांत पाटीदार को सवार्नुमति से दूसरी बार अध्यक्ष चुना गया है। उनके साथ डॉ. विशाल पाटीदार को सचिव और आनंद श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। संस्था के प्रवक्ता डॉ. सी.पी. पाटीदार और डॉ. सुनील शर्मा ने बताया कि यह चुनाव प्रांतीय पर्यवेक्षक एवं चुनाव अधिकारी राजेंद्र शाह के मार्गदर्शन तथा संस्था संरक्षक पं. भगवान शर्मा के संयोजन में सफलतापूर्वक संपन्न हुए।

अध्यक्ष निर्वाचित होते ही डॉ. प्रशांत पाटीदार ने अपनी नई कार्यकारिणी शीघ्र घोषित करने की बात कही। उन्होंने संकल्प लिया कि पीड़ित मानवता की सेवार्थ संस्था द्वारा किए जा रहे सभी कार्यों को अब दुगनी गति और ऊर्जा के साथ संचालित किया जाएगा। नवनियुक्त पदाधिकारियों के निर्वाचन पर डॉ. जी. व्यास, डॉ. रूपेश खत्री, डॉ. राहुल नागर, डॉ. मुस्तफा सिंगापुरवाला, डॉ. रजनीश पाटीदार, डॉ. जितेंद्र शर्मा, डॉ. स्वप्निल पेंढारकर, डॉ. योगेश सर्राफ, डॉ. आशीष दुबे, डॉ. साधना दुबे, डॉ. सुरेश समदानी, डॉ. दीपक फुलवानी, डॉ. अजय मंडलोई, डॉ. अमृता सोनी, डॉ. कविता बेंडवाल, डॉ. हुसैन फ्रीगंजवाला, डॉ. विजय पाटीदार, डॉ. शरद गोवा, डॉ. सोनू पाटीदार, डॉ. सुरेश बेडवाल, डॉ. सी.पी. पाटीदार, डॉ. सुनील शर्मा, डॉ. उमेश शुक्ला, डॉ. आनंद यादव, डॉ. सिद्धार्थ मारोठिया, डॉ. आदित्यवर्धन पाटीदार, डॉ. पदमसिंह नरवरिया, डॉ. समर्थ पाटीदार, डॉ. गिरधर सोनी, डॉ. विजय पाटील, डॉ. बी.के. मालवीय, सुनील शर्मा, रवि शर्मा, सुभाष पाठक, गिरीश पाठक, प्रतीक व्यास, अनिरुद्ध नाहर, दीपक पाटीदार, संजीव आचार्य, माया शर्मा, शुभम नागर, ऊषा शर्मा, सरिता पाटीदार, श्वेता पाटिल, नीलम पाटीदार, सुमन मालवीय, प्रभा शुक्ला, तरुण शितोले, आशीष यादव, सुनील सोनी, सागर सक्सेना, अंशुल कोठलकर और ऐश्वर्य चैबे ने बधाई देते हुए आगामी कार्यकाल के सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का सफल संचालन तनु और रुद्रेश शर्मा ने किया तथा आभार डॉ. उमेश शुक्ला ने माना।

# वर्धमान कपल क्रिकेट टूनार्मेंट में जैन समाज के दंपतियों ने लगाए चौके-छक्के

### 120 जोड़ों ने लिया भाग, 21 मार्च को क्वार्टर फाइनल और रविवार को होगा खिताबी मुकाबला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



जैन समाज के युवाओं को खेल से जोड़ने और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्धमान ग्रुप द्वारा वर्धमान कपल क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। सूर्या टर्फ पर 15 मार्च को इस अनूठे टूनार्मेंट के प्रथम सत्र का शानदार आगाज हुआ, जिसमें लगभग 120 दंपति साथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पूरे टूनार्मेंट में 200 से अधिक दंपति हिस्सा ले रहे हैं।

वर्धमान ग्रुप के सचिव राजेश-नमिता लुहाड़िया ने बताया कि मैचों की शुरूआत सभी टीमों द्वारा मंगलाचरण पाठ के साथ की गई। टूनार्मेंट में 6-6 ओवर के कुल 10 मैच खेले गए। इनमें 3 ओवर महिला वर्ग और 3 ओवर पुरुष वर्ग के लिए निर्धारित थे। मैदान पर हर टीम की ओर से बल्लेबाजी के दौरान एक महिला और एक पुरुष खिलाड़ी की जोड़ी साथ खेलती नजर आई।

## खबर एक नजर...

### 14 से 15 वर्ष तक की बालिकाओ को कैंसर से बचाव के लिए टीके लगाये

**सनावद/ढकलगाँव-** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ढकलगाँव मे डॉ. राजेन्द्र मिमरोट मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी बडवाह के निर्देशन में 14 वर्ष से 15 वर्ष 3 माह तक की बालिकाओ को कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी के टीके लगाये गये। डॉ. इम्तियाज कुरेशी के द्वारा टीके के संबंध मे जानकारी दी गई।इस अवसर पर ग्राम पंचायत ढकलगाँव के सचिव यशवन्त सेजगाया, सरपंच आरती मयाचंद उपस्थिति रहे, एवं स्वास्थ्य विभाग से ए.एस. चौहान, राहुल मोये, रामकृष्ण नांदिया, शांतिलाल राज?पुरिया, नेहा बिरला, वंदना कंगाले, ओमलता उइके, भारती टिकेकर, मंजुला खांडे आदि द्वारा सेवाएं दी गई एवं आशा कार्यकता मनीषा सोनी, ज्योति खेड़े, वंदना वर्मा, प्रेमलता बिरला ने सहयोग प्रदान किया एवं प्रवीण पंवार ऑपरेटर द्वारा समस्त बालिकाओं की ऑनलाइन एंट्री की गई एवं समस्त बालिकाओं को प्रमाण पत्र दिये गये।

### माहेश्वरी महिला मंडल धूमधाम से मना रहा गणगौर पर्व

**अलीराजपुर।** नगर के माहेश्वरी महिला मंडल के द्वारा गणगौर पर्व को बहुत ही धूमधाम से मनाया जा रहा है जिसके चलते महिला मंडल की सभी सदस्य रोज ड्रेस कोड के हिसाब से साड़ी पहन कर आती है जिससे सभी महिलाएं एक जैसे परिधान में नजर आती है महिलाएं नगर के आचार्य मंदिर से चल समारोह के रूप में ढोल के साथ गरबा नृत्य करती हुई नीम चौक के ओझा परिवार के यहां पहुंच रही है महिलाओं के लिए रोज स्वल्पाहार की व्यवस्था भी रखी गई है एवं आगामी दिनों में रोज कई प्रकार की प्रतियोगिता रखी जाएगी।

### नि:शुल्क ब्यूटीशियन सेमीनार का आयोजन

**सनावद।** नगर की जानीमानी सौंदर्य विशेषज्ञ रचना गिरी के मार्गदर्शन में नि:शुल्क मेकअप सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में बालिकाओं एवं युवतियों को मेकअप का प्रशिक्षण दिया गया और मेकअप सामग्री के उपयोग की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।इस अवसर पर रचना गिरी ने कहा कि सेमीनार का उद्देश्य बालिकाओं और युवतियों को ब्यूटीशियन व्यवसाय और रोजगार के लिए प्रशिक्षित करना है।इस दौरान सौंदर्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।अतिथि नपाध्यक्ष सुनीता बिर्ला,अमिता मंत्री,दीप्ति बंसल,दीपिका वर्मा,रेखा जैन,उमा पाटीदार एवं रचना जैन ने प्रतियोगिता की विजेता प्रतिभागियों रूपाली सवनेर(प्रथम), राधिका पाटील(द्वितीय) और अंजली पंवार(तृतीय) को पुरस्कृत किया। अतिथियों ने रचना गिरी द्वारा प्रशिक्षित 40 बालिकाओं और युवतियों को सम्मानित कर प्रमाणपत्र वितरित किए। रचना गिरी ने बताया कि सेमीनार में लकी ड्रा की तीन विजेता प्रतिभागियों को ब्यूटीशियन का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बालिकाएं एवं युवतियां उपस्थित थीं।

### अमृत मित्र महिलाओं का नई दिल्ली कार्यक्रम में हुआ सम्मान

बड़वानी । नगर पालिका परिषद बड़वानी के अंतर्गत कार्यरत स्व सहायता समूह की महिलाएं नई दिल्ली भारत मंडपम में आयोजित अमृत मित्र महोत्सव में शामिल हुई। भारत सरकार द्वारा आयोजित यह महोत्सव 13 मार्च 2026 को भारत मंडपम में आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से अमृत मित्र के रूप में कार्य कर रही महिलाओं को आमंत्रित किया गया। नगर पालिका बड़वानी अंतर्गत पंजीकृत स्व सहायता समूह की महिलाएं, जो अमृत मित्र के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। सिटी मिशन मैनेजर श्री अमित सिंह गांधी के नेतृत्व में इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का हिस्सा बनी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सोनाली शर्मा और नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती अश्विनी निक्कु चौहान के मार्गदर्शन में ये महिलाएं नगर में जल गुणवत्ता परीक्षण का कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय मंत्री आवास एवं शहरी विकास विभाग मनोहर लाल खट्टर द्वारा इन महिलाओं को सम्मानित किया गया।

# विद्युत मंडल की लापरवाही के कारण खेतों में भीषण आग लगने से लाखों रुपये की गेहूं की खड़ी फसलें जली

### विधायक सचिन बिरला ने किया अग्निकांड प्रभावित खेतों का निरीक्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद



विद्युत मंडल की घोर लापरवाही और निष्क्रियता के कारण सनावद एवं बेड़िया क्षेत्र के खेतों में भीषण आग लगने के कारण लाखों रु की गेहूं की खड़ी फसलें जल कर राख हो गईं। खतरनाक ढंग से झूलते विद्युत तारों एवं क्षतिग्रस्त विद्युत पोल के कारण लाइन फाल्ट की वजह से खेतों में लगी आग से 6 ग्रामों रुपखेड़ा,गवल, कालबरड़, रावेरखेड़ी, भोगावां सिपानी और बड़गांव टाकली की लगभग 40 एकड़ भूमि में गेहूं की पकी फसल जल कर स्वाहा हो गई।

विद्युत मंडल की लापरवाही से अग्निकांड के शिकार किसानों में विद्युत मंडल के अधिकारियों और विद्युत सुपरवाइजरों के खिलाफ गहरा आक्रोश व्याप्त है।विधायक सचिन बिरला ने सोमवार को एसडीएम सत्यनारायण दर्रो,तहसीलदार केसिया सोलंकी,नायब तहसीलदार प्रवीण सिंह,कृषि विस्तार अधिकारी बीएस सेंगर और विद्युत मंडल के कार्यपालन यंत्री अलिंद देशपांडे के साथ अग्निकांड पीड़ित सभी किसानों के खेतों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान किसानों ने विधायक को खेतों में खतरनाक ढंग से झूलते तार और क्षतिग्रस्त विद्युत पोल दिखाए। किसानों ने बताया कि समय पर बिजली बिलों के भुगतान के बावजूद विद्युत मंडल के अधिकारी किसानों की विद्युत समस्याओं के समाधान के प्रति आँखें मूंदे बैठे हैं। यदि विद्युत मंडल समय-समय पर विद्युत तारों और विद्युत पोल के रखरखाव का कार्य करता तो अग्निकांड की घटनाएं घटित नहीं होतीं और किसानों की मेहनत से लगी फसलें नष्ट नहीं होतीं। किसानों ने बताया कि खेतों में खतरनाक ढंग से झूलते विद्युत तार हवा में टकराते हैं और फिर फाल्ट होने के कारण निकली चिंगारियों से खेतों में आग लग जाती है।किसानों ने विद्युत मंडल को अनेक बार झूलते तारों के खतरों से अवगत कराया।लेकिन विद्युत मंडल के जिम्मेदार अधिकारी निष्क्रिय बने रहे।

अग्निकांड पीड़ित किसानों ने विधायक से शासन की ओर से पर्याप्त मुआवजा दिलाने की मांग की और बड़ूद तथा कानापुर विद्युत ग्रिडों के सुपरवाइजर कुंदन भंवर और रवि शुक्ला पर लापरवाही,अवैध वसूली और दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए दोनों को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की। विधायक ने अग्निकांड से पीड़ित प्रत्येक किसान से विस्तारपूर्वक चर्चा की और किसानों को हुए नुकसान पर गहरा दुःख व्यक्त किया और किसानों को सांत्वना दी। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार पीड़ित किसानों के साथ है और किसानों को अधिक से अधिक मुआवजा दिलाने के प्रति आश्वस्त किया।

### गैस का अवैध संग्रहण पाये जाने पर की गई कार्यवाही

**बड़वानी** ।कलेक्टर श्रीमति जयति सिंह के निर्देशन मं खाद्य एवं राजस्व विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा घरेलू गैस के दुरूपयोग को रोकने के लिए ग्राम पाटी में प्रतिष्ठानों की जांच कर गैस का अवैध संग्रहण पाये जाने पर कार्यवाही की। जिला आपूर्ति अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार कार्यवाही के दौरान बस स्टेण्ड पाटी के होटलों से 33 हजार रुपये मूल्य के 15 गैस सिलेण्डर जप्त कर आवश्यक वस्तु अधिनियमक 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रकरण तैयार करते हुए सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किये जायेंगे। इन प्रतिष्ठानों से जप्त किये गये घरेलू गैस सिलेण्डरबस स्टेण्ड पाटी पर स्थित महिमा होटल, बालाजी होटल, सोलंकी होटल, सांवरिया ठेला, श्रीश्याम होटल, राधिका होटल, पुष्पा चाय ठेला एवं शिवाजी होटल से 1-1 सिलेण्डर तथा कुंदन फेमिली रेस्टोरेंट, आजाद होटल से 2-2 सिलेण्डर एवं मोहिनी होटल से 3 गैस सिलेण्डर जप्त किये गये।

## गायत्री परिवार की जिला समन्वय समिति की गोष्टी सम्पन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ आलीराजपुर में जिला समन्वय समिति आलीराजपुर का पुनर्गठन किया गया, जिसमें संतोष वर्मा पुनः जिला समन्वयक चुने गये। सह-समन्वयक पदेन रणछोड़ राठौड़, सह-समन्वयक रिपोर्टींग प्रदीप कनेश, मण्डल विस्तार ग्यारसीलाल भाटिया, नारी जागरण सारिका सक्सेना, आओ गड़े संस्कारवान पीढ़ी वंदना वाणी, युवा जोड़ो अभियान सोमसिंह डावर, भारतीय संस्कृति ज्ञान परिक्षा राहुल अरोड़ा, साधना एवं स्वाध्याय सरोज टवली, पर्यावरण एवं जल संरक्षण कृष्णा सोलंकी, शिक्षा एवं बाल संस्कार शाला गायत्री वाणी, स्वावलंबन एवं शिक्षण-प्रशिक्षण सुबलसिंह मौर्य, नशामुक्ति कुरीति उन्मूमलन एवं आदर्शन ग्राम रमेश निंगवाल, साहित्य एवं पत्रिका विस्तार केसर राठौड़, स्वास्थ्य आंदोलन प्रभारी रामलाल तोमर बनाये गये। शताब्दी अनुयाज कार्यक्रम की मासिक समीक्षा के लिए पांच सदस्य जिला शताब्दी अनुयाज कार्यक्रम समिति बनाई गयी, जिसमें संतोष वर्मा, भूरिंसह भिंडे, कीर्ति भरत राठौड़, शिवराज वर्मा, देवेन्द्र सिंह भयड़िया का चयन किया गया। समिति के पूनर्गठन के पूर्व मुख्य अतिथि उपजोन प्रभारी इन्दौर कृष्णा शर्मा, गायत्री शक्तिपीठ जोबट के व्यवस्थापक शिवनारायण सक्सेना एवं जिला समन्वयक संतोष वर्मा ने देवपूजन किया। अतिथीयों का ट्रस्टीयों ने तिलक एवं पुष्पमाला से सम्मान किया।

**19 मार्च को सूर्य उपासना कार्यक्रम-** बड़वानी । सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत 2083 के शुभरंभ अवसर पर 19 को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 10 बजे पीएम श्री शहीद भीमा नायक महाविद्यालय बड़वानी के ग्राउण्ड पर किया जायेगा।

### बिजली कर्मचारियों ने मांगों को लेकर ऊर्जा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को ज्ञापन सौंपा। महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि बिजली कंपनियों में लंबे समय से कर्मचारियों से जुड़ी कई समस्याएं लंबित हैं, जिनके समाधान के लिए सरकार से जल्द कार्रवाई की मांग की गई है। मुख्य मांगें- बिजली कंपनियों में खाली पदों पर नियमित भर्ती करना.

## संत है तो सोना सोना है, नहीं तो सूना सूना है : संत श्री नर्मदानंद जी बापजी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

सागोद रोड स्थित आध्यात्मिक ऊर्जा के केंद्र, श्रीनित्यानंद आश्रम में श्री केशव भगवान का 100वां महानिर्वाण शताब्दी महोत्सव गौरवशाली और भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन की रूपरेखा तैयार करने हेतु संत श्री श्री 1008 नर्मदानंद जी बापजी के पावन सानिध्य में नगर के गणमान्य नागरिकों और गुरु भक्तों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसमें आयोजन के सफल संचालन हेतु समितियों के गठन, दायित्व एवं सुझाव पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर संत श्री नर्मदानंद बापजी ने श्रीकेशव भगवान की महिमा पर प्रकाश डालते हुए अपने उद्बोधन में कहा है कि यू तो समर्थ गुरुदेव श्रीनित्यानंद बापजी को मंत्र दीक्षा दादा गुप्तानंद जी बापजी द्वारा दी गई थी किंतु वस्त्र दीक्षा श्रीकेशव भगवान द्वारा दी गई थी। श्री नित्यानंद आश्रम, सागोद की तपोभूमि का उल्लेख करते कहा कि लगभग 125 वर्ष पूर्व इस आश्रम भूमि पर केशव भगवान ने कठोर तप किया।जिसकी ऊर्जा आज भी यहां विधमान है, यही एकमात्र ऐसा आश्रम है जहां तीनों गुरुदेव श्री गुप्तानंद दादा, श्री केशव भगवान, श्री नित्यानंद बापजी ने इस घनघोर जंगल के बीच कुटिया में साधना कर तपोभूमि बनाया एवं कई शास्त्र भी लिखे और इसी तपोभूमि पर श्रीकेशव भगवान वर्ष 1926 में समाधिस्थ हुए।

उन्होंने कहा कि गुरुदेव के आशीर्वाद से आज यह सनातन धर्म की अद्वितीय धरोहर है, जहा?? हर गुरुभक्त पहुॅचकर असीम शांति, गुरुकृपा एवं सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव पाता है। इस आश्रम के बड़ी संख्या में देश ही नहीं अपितु विदेशो में भी गुरुभक्त है जो आश्रम की कीर्ति को फैला रहे हैं। इसीलिए कहा है कि संत जहा होते है वहा सोना सोना है नहीं तो सूना सूना है।

बापजी श्री ने अपने संबोधन में श्री केशव भगवान का महानिर्वाण शताब्दी वर्ष (100 वा वर्ष) में होने वाले विभिन्न आयोजनों में नगर के सभी धर्मावलम्बियों एवं गुरु भक्तों से कार्यक्रम में सहभागिता कर सम्मिलित होकर एवं धर्मलाभ लेकर मानवकल्याण एवं अपने जीवन को सफल बनाने का आह्वान किया।

इन्होने दिए महत्वपूर्व सुझाव

इस महत्वपूर्ण आयोजन की बैठक में सनातन धर्मसभा अध्यक्ष अनिल झालानी, महापौर प्रहलाद पटेल, गोविंद काकानी, प्रेमलता दवे, चिंतक कैलाश व्यास, भगत सिंह भदोरिया, पवन सोमानी, मोहन मुरलीवाला, नरेंद्र जोशी (गुल्लू), सुरेश पापटवाल, सतीश राठौड़ (गढ़ कैलाश), पंकज भाटी(सेवावीर), चंद्रप्रकाश व्यास, श्रीमती अनीता कटारा पार्षद, निर्मल कटारिया, नवीन चौधरी, मदन सोनी आदि ने आयोजन के संदर्भ में अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में आयोजन समिति गठन और होने वाले धार्मिक आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई।

## पक्षाल जैन के आलीराजपुर आगमन पर ऐतिहासिक स्वागत, विशाल चल समारोह निकला



ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व अधिवक्ता रहे स्व. प्रकाशचन्द्र जैन आलीराजपुर की सुपुत्री दिप्ती सेक्रेटरी बाग के सुपुत्र व परमार्थ मेडिकल स्टोर आलीराजपुर के राहुल जैन (लक्की) व मनिष जैन नानपुर के भान्जे पक्षाल सेक्रेटरी के युपीएससी एग्जाम क्लियर कर ऑल इण्डिया में आठवीं आई.आई.टी. रेंक प्राप्त कर कलेक्टर बनने पर प्रथम आलीराजपुर आगमन पर आलीराजपुर नगर में भव्य एवं एतेहासिक स्वागत किया गया।

शाम 5 बजे बस स्टेण्ड से विशाल चल समारोह तिरंगा झण्डे लेकर एम.जी. रोड़ होते हुए राहुल जैन (लक्की) के निवास पर पहुॅचा। पूरे रास्ते में जगह-जगह नागरिकों ने पुष्प माला व फुलों से स्वागत किया। पक्षाल सेक्रेटरी ने खुली गाड़ी में लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। पूरे रास्ते में नृत्य व गरबा करते हुए महिलाएॅ, युवतीया व लोग चल रहे थे। इस दौरान जमकर आतीशबाजी हुई। पूरा चलसमारोह देशभक्ति के गानों से गुंज उठा। रास्ते में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मकु परवाल के निवास पर सांसद अनिता चौहान ने भी पक्षाल सेक्रेटरी का स्वागत किया। इसके बाद मां वाटिका गार्डन सोरवा रोड़ पर प्रकाशचन्द्र जैन परिवार द्वारा अभिनंदन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।



## दीपिका पादुकोण ने घरेलू राज

# करण जौहर के साथ मजेदार बातचीत ने जीता दिल

फिल्मी दुनिया की चमक-दमक के बीच अक्सर सितारों की जिंदगी को बेहद ग्लैमरस माना जाता है, लेकिन अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने एक कार्यक्रम के दौरान अपनी सादगी भरी आदतों का खुलासा कर दर्शकों को हैरान कर दिया था। मशहूर फिल्म निर्माता करन जोहर के साथ मंच पर हुई उनकी मजेदार बातचीत ने न केवल दर्शकों को खूब हंसाया बल्कि यह भी दिखाया कि सुपरस्टार होने के बावजूद उनकी जीवनशैली काफी सामान्य है। यह यादगार पल के दौरान सामने आया था, जब एक विशेष सेगमेंट खटिया विद करण में दीपिका पादुकोण और करण जौहर आमने-सामने बैठे थे। इस कार्यक्रम की चर्चा आज भी होती है, खासकर इसलिए क्योंकि उस दौरान दीपिका ने अपने निजी जीवन की कई रोचक बातें साझा की थीं। कार्यक्रम में बातचीत के दौरान दीपिका ने खुद को बहुत घरेलू बताते हुए कहा था कि उन्हें घर के सामान्य काम करना पसंद है। उनकी यह बात सुनकर करण जौहर भी कुछ पल के लिए हैरान रह गए थे। दीपिका ने मुस्कुराते हुए बताया कि उन्हें घर पर समय बिताना, साधारण दिनचर्या अपनाना और सामान्य लोगों की तरह जीवन जीना अच्छा लगता है। इस हल्की-फुल्की बातचीत के दौरान दीपिका ने मजाकिया अंदाज में दिग्गज अभिनेत्री रेखा का भी जिक्र किया, जिससे माहौल और भी रोचक हो गया। दर्शकों ने उनकी इस चुटीली टिप्पणी का खूब आनंद लिया और कार्यक्रम में मौजूद लोग ठहाके लगाते नजर आए। उस साल दीपिका पादुकोण को कार्यक्रम में बेस्ट स्टाइल आइकन के सम्मान से भी नवाजा गया था। पुरस्कार की घोषणा करते हुए अभिनेत्री बिपासा बसु ने दीपिका की तारीफ करते हुए कहा था कि वह बेहद आकर्षक, आत्मविश्वासी और ग्लैमरस व्यक्तित्व की धनी हैं। उन्होंने मंच से कहा था कि दीपिका की खूबसूरती और व्यक्तित्व उन्हें अलग पहचान देता है और यही वजह है कि वह स्टाइल आइकन के रूप में सम्मानित होने की पूरी हकदार हैं।

## अदा शर्मा का अनोखा अवतार : आलसी सुपरहीरो बनकर

# सुपर वेली में मचाएंगी धमाल






बॉलीवुड अभिनेत्री अदा शर्मा अपनी आगामी फिल्म सुपर वेली को लेकर इन दिनों सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में वह एक ऐसे सुपरहीरो के किरदार में नजर आने वाली हैं जो पारंपरिक फिल्मों के नायकों से बिल्कुल अलग है। आमतौर पर सुपरहीरो फिल्मों में नायक दुनिया को बचाने के लिए अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन इस फिल्म में कहानी का अंदाज बिल्कुल उल्टा है। यहां अदा शर्मा एक आलसी और लापरवाह सुपरहीरो का किरदार निभाती दिखाई देंगी, जो अपनी शक्तियों का उपयोग दुनिया को बचाने की बजाय उसे मुश्किलों में डालने के लिए करती है।

फिल्म का टीजर सामने आते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया और दर्शकों के बीच इसे लेकर काफी उत्सुकता देखने को मिल रही है। टीजर में अदा शर्मा सुपरहीरो की पोशाक पहने हुए दिखाई देती हैं, लेकिन उनका अंदाज बेहद अलग और मजाकिया है। एक दृश्य में वह आराम से सोती हुई नजर आती हैं, जबकि दुनिया संकट में होती है। इसके बाद अचानक उठकर वह अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करती हैं, जिससे चारों तरफ अराजकता फैल जाती है। इस अनोखे कॉन्सेप्ट ने दर्शकों का ध्यान खींचा है और फिल्म को लेकर चर्चा बढ़ा दी है।

इस फिल्म का निर्देशन राजेश बछानी कर रहे हैं। निर्देशक के अनुसार फिल्म की कहानी पर लगभग तीन वर्षों तक काम किया गया है। उन्होंने बताया कि फिल्म में हास्य, व्यंग्य और एक्शन का अनोखा मिश्रण देखने को मिलेगा। उनका कहना है कि भारतीय सिनेमा में सुपरहीरो को आमतौर पर गंभीर और जिम्मेदार रूप में दिखाया जाता है, लेकिन इस फिल्म में दर्शकों को बिल्कुल अलग और मजेदार रूप देखने को मिलेगा। अदा शर्मा ने भी अपने सामाजिक माध्यम पर इस फिल्म से जुड़ा एक मजाकिया संदेश साझा किया था, जिसमें उन्होंने अपने किरदार के बारे में हल्के-फुल्के अंदाज में बात की। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले उन्होंने मजाक में खुद को आलसी बताया था, जिसके बाद कई लोगों ने अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं दी थीं। उसी मजाकिया भावना को फिल्म की कहानी में शामिल किया गया है और अब सुपर वेली के रूप में वह दर्शकों के सामने आने वाली हैं। फिल्म में एक ऐसी लड़की की कहानी दिखाई जाएगी जिसे अचानक कुछ असाधारण शक्तियां मिल जाती हैं। लेकिन वह इन शक्तियों का उपयोग जिम्मेदारी से करने के बजाय लापरवाही और आलस के साथ करती है।



# यूट्यूबर अनुराग डोभाल की हालत फिर बिगड़ी

## देहरादून ले जाते समय सांस लेने में हुई तकलीफ
## मैनेजर बोले- वे अभी जिंदगी के लिए लड़ रहे

पॉपुलर यूट्यूबर अनुराग डोभाल की सेहत एक बार फिर गंभीर हो गई है। अनुराग ने इंस्टाग्राम लाइव में सुसाइड करने की कोशिश की थी। इस दौरान अनुराग रोड एक्सीडेंट का शिकार हो गए थे। उन्हे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

13 मार्च को हालत में सुधार के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी, लेकिन देहरादून शिफ्ट करने के दौरान रास्ते में ही उनकी तबीयत दोबारा बिगड़ गई। उन्हें फिर से पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। अनुराग के मैनेजर रोहित पांडे ने इंस्टाग्राम पर इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें अनुराग एम्बुलेंस में हैं और उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। मैनेजर ने बताया कि डॉक्टरों ने हालत स्थिर देखते हुए डिस्चार्ज किया था, लेकिन घर ले जाते समय अचानक उन्हें सांस लेने में तकलीफ होने लगी।

**मैनेजर बोले- हालत नाजुक, दुआओं की जरूरत-** मैनेजर रोहित पांडे ने सोशल मीडिया पर अपडेट देते हुए लिखा, 'कल अनुराग भाई की हालत स्थिर थी, इसलिए हम उन्हें देहरादून लेकर जा रहे थे। लेकिन दुर्भाग्य से रास्ते में ही उनकी कंडीशन खराब हो गई। वह अभी अपनी जिंदगी के लिए लड़ रहे हैं। उन्हें तुरंत इलाज की जरूरत थी, इसलिए हमने उन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया है।' मैनेजर ने फैंस से उनके लिए दुआ करने की अपील की है।


**सुसाइड की कोशिश में फेफड़े हुए डैमेज-** अनुराग डोभाल की इस हालत की वजह कुछ दिन पहले हुआ एक भयानक हादसा है। इंस्टाग्राम पर लाइव स्ट्रीमिंग के दौरान उन्होंने तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा दी थी।

## मोनालिसा के फिल्म डायरेक्टर बोले- फिल्म रिलीज कैसे करूं, मेरी हीरोइन का ही धर्मांतरण हो गया

# मेरी हालत भी राजपाल यादव जैसी होगी: सनोज सिन्हा

कुंभ गर्ल के नाम से मशहूर हुई मोनालिसा पर ही ये डायलॉग फिल्माया गया है। द डायरी ऑफ मणिपुर फिल्म के इस टीजर डायलॉग की तरह ही मोनालिसा की जिंदगी में अब तूफान आ गया है। ये तूफान उसी की मर्जी से आया है। दरअसल, मोनालिसा ने फरमान खान नाम के युवक से केरलम प्रदेश में दो दिन पहले शादी कर ली है। इससे न सिर्फ महेश्वर निवासी उनके पिता जय सिंह भोंसले नाराज हैं, बल्कि द डायरी ऑफ मणिपुर फिल्म के डायरेक्टर सनोज मिश्रा तो यहां तक कह रहे कि अब उनकी हालत राजपाल यादव जैसी हो जाएगी, क्योंकि फिल्म के लिए उन्होंने बाजार से 10 करोड़ का लोन लिया है। मिश्रा के मुताबिक, फिल्म धर्मांतरण के खिलाफ थी और मोनालिसा ने मुस्लिम युवक से शादी कर खुद धर्मांतरण जैसा ही कर लिया है। सनोज ने कहा कि अब समझ में नहीं आ रहा कि फिल्म कैसे रिलीज करूं।

- **आपको पहली बार कब पता चला कि उन्होंने शादी कर ली है?**
- **सनोज:** कल दोपहर किसी ने मुझे एक खबर भेजकर पूछा कि क्या यह सच है। पहले मुझे लगा कि वह फिल्म की शूटिंग के लिए गई है, इसलिए शायद यह कोई मीडिया स्टंट होगा। जब माहौल बिगड़ने लगा तो मैंने उसके पिता से बात की। उस समय वह केरलम के एक पुलिस स्टेशन के बाहर खड़े थे और मोनालिसा अंदर थी। मैंने कहा कि मेरी बात करा दीजिए, ताकि मैं उसे समझा सकूं, लेकिन पुलिस ने उन्हें अंदर नहीं जाने दिया। बाद में पता चला कि पुलिस उसे पीछे के दरवाजे से कहीं और ले गई, तभी मुझे लगा कि मामला गंभीर है।



- **क्या आपको उनके केरलम जाने के बारे में पहले से पता था?**
- **सनोज:** करीब एक हफ्ते पहले उसने बताया था कि उसे केरलम जाना है। पूछने पर कहा कि वहां एक फिल्म साइन की है, जिसमें वह कैप्टन का रोल करेगी। उसके पिता को भी फिल्म में पिता का रोल देने का लालच दिया गया था। 10 दिन की ट्रेनिंग और फिर शूटिंग का झांसा देकर उसे वहां बुलाया गया। मैंने समझाया भी था कि जब तुम्हें हिंदी ठीक से नहीं आती तो मलयालम या तमिल कैसे बोलोगी। वहां हमारा कोई सर्कल भी नहीं है। उसके पिता को भी किसी साजिश का अंदेशा नहीं था।
- **मोनालिसा का कहना है कि उनके पिता उनकी शादी बुआ के लड़के से कराना चाहते थे, इसलिए उन्होंने यह कदम उठाया?**
- **सनोज:** मुझसे कभी ऐसी कोई बात नहीं हुई। दो महीने पहले तक हम शूटिंग कर रहे थे। मैं उसके लिए परिवार जैसा था, अगर ऐसी कोई बात होती तो जरूर बताती। मान भी लें कि ऐसी स्थिति थी तो भी इस तरह का कदम उठाने की क्या जरूरत थी? इससे मेरा बहुत नुकसान हुआ है। दो साल की मेहनत, 10 करोड़ का कर्ज और दो महीने जो जेल में रहा- वो सब दांव पर लग गया। अब इस माहौल में मेरी फिल्म कौन देखेगा? मेरी फिल्म धर्मांतरण के खिलाफ थी। अब हीरोइन ने ही धर्मांतरण कर लिया। किस मुंह से फिल्म रिलीज करूंगा?
- **क्या आप उस लड़के को जानते हैं? क्या वह कभी शूटिंग पर आया था?**
- **सनोज:** मैं उससे कभी नहीं मिला। किसी ने उसे शूटिंग पर नहीं देखा। मुझे लगता है कि यह सब एक सोची-समझी प्रक्रिया के तहत हुआ है, जिसमें लड़की को ब्रेनवॉश कर अपने ही घरवालों को गलत साबित कर दिया जाता है।
- **आपकी फिल्म तो लगभग तैयार है। अब फिल्म को लेकर क्या योजना है?**
- **सनोज:** अभी कुछ कहना मुश्किल है। कल तक मुझे गर्व था कि मैंने एक गरीब लड़की को मौका दिया, लेकिन अब वह भावना खत्म हो गई है। 10 करोड़ का कर्ज है और बदनामी अलग हो गई है।
- **मोनालिसा का कहना है कि उन्होंने हिंदू रीति-रिवाज से शादी की है, धर्म परिवर्तन नहीं किया, आप क्या कहेंगे इस बारे में?**
- **सनोज:** मुझे यह बात समझ नहीं आती, अगर किसी दूसरे धर्म के व्यक्ति से शादी की है तो आगे क्या होगा? फिलहाल, जो बातें सामने आ रही हैं, उससे विवाद और बढ़ गया है।
- **बॉलीवुड में हिंदू-मुस्लिम कपल होना आम बात है। क्या आप इसे उसी नजरिए से नहीं देखते?**
- **सनोज:** वह बॉलीवुड का हिस्सा नहीं थी। वह गांव के माहौल से आई थी। कभी मुंबई भी नहीं गई। इसलिए बॉलीवुड की जीवन शैली या माहौल की तुलना यहां लागू नहीं होती।
- **आपके सामने आगे की सबसे बड़ी चुनौती क्या है?**
- **सनोज:** सबसे बड़ी समस्या 10 करोड़ का कर्ज है। मैंने यह पैसा आठ महीने के लिए लिया था, जिसमें से अब सिर्फ तीन महीने बचे हैं, अगर समय पर पैसा नहीं चुका पाया तो कानूनी कार्रवाई हो सकती है।
- **दोनों कह रहे हैं कि वे शूटिंग के दौरान मिले थे, क्या यह सच है?**
- **सनोज:** मेरी जानकारी में शूटिंग के दौरान ऐसा कुछ नहीं हुआ, जो बातें कही जा रही हैं, वह मुझे सही नहीं लगतीं।
- **आपने एक्टिंग सिखाने में कितनी मेहनत की?**
- **सनोज:** जितनी मेहनत मुझे अपने 35 साल के करियर में कभी नहीं करना पड़ी, उतनी मेहनत इस फिल्म में लगी। उसे अभिनय सिखाने के लिए मुझे खुद कई चीजें करके दिखाना पड़ती थीं। मुझे उम्मीद नहीं थी कि हालात इस तरह बदल जाएंगे।
- मैंने उसकी ट्रेनिंग में सवा साल में 42 लाख रुपए लगाए हैं। उसे घर से दूर न रहना पड़े, इसलिए पूरे परिवार सहित उज्जैन में ठहराया। मुंबई से ट्रेनर बुलाए थे।
- **अगर वह वापस आए तो क्या आप उसे स्वीकार करेंगे?**
- **सनोज:** अब चीजें बहुत आगे निकल चुकी हैं। मेरे लिए सबसे बड़ी चिंता फिलहाल कर्ज और भविष्य की है, जिस लड़की को मैं घर से बेटी की तरह लेकर लाया, उसे फर्श से अर्श तक पहुंचाने के लिए अपनी पूरी जमा पूंजी दांव पर लगा दी, उसी ने मेरा भरोसा और भविष्य दोनों मटियामेट कर दिया।

# आरसीबी के तेज गेंदबाज यश दयाल ने शादी की

## पत्नी श्वेता पुंडीर कंटेंट क्रिएटर, क्रिकेटर पर पिछले साल रेप के 2 केस दर्ज हुए थे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज यश दयाल ने कंटेंट क्रिएटर श्वेता पुंडीर से शादी कर ली है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दोनों ने 4 फरवरी को उत्तर प्रदेश के नोएडा में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में सात फेरे लिए थे। शादी में क्रिकेट जगत से किसी के शामिल होने की खबर नहीं है।

श्वेता पुंडीर दिल्ली की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और व्लॉगर हैं। इंस्टाग्राम पर उनके करीब 5.87 लाख फॉलोअर्स हैं। वे इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स लीग में ब्रॉडकास्टर के तौर पर भी काम कर चुकी हैं। यश दयाल पर पिछले साल 2025 में रेप के 2 केस दर्ज हुए थे। गाजियाबाद की एक महिला ने दयाल पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण और जयपुर की एक नाबालिक ने रेप का दर्ज कराया था।

**2 बार रेप के आरोप लग चुके-** यश दयाल इस समय दो अलग-अलग मामलों में यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे हैं। गाजियाबाद की एक महिला ने आरोप लगाया है कि दयाल ने शादी का झांसा देकर पांच साल तक उसका भावनात्मक और शारीरिक शोषण किया। इस शिकायत के बाद उनके खिलाफ रेप का मामला दर्ज हुआ। इसके अलावा जयपुर में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म का भी आरोप लगाया गया है। आरोप है कि दयाल ने क्रिकेट में मदद का भरोसा देकर 17 साल की लड़की के साथ 2023 में दुष्कर्म किया। इस मामले में जयपुर के सांगानेर सदर थाने में एफआईआर दर्ज है। राजस्थान हाईकोर्ट ने जनवरी में इस मामले में दयाल को अंतरिम राहत दी थी। जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में अलग याचिका दाखिल की।







### श्वेता ने दयाल को जमानत मिलने पर खुशी जताई थी

जनवरी में जब यश दयाल को जमानत मिली थी, तब भी श्वेता ने सोशल मीडिया पर खुशी जताई थी और इसे जस्टिस यानी न्याय कहा था।

### आरसीबी ने 5 करोड़ में रिटेन किया

- 28 साल के यश दयाल आईपीएल 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलेंगे। उन्हें पिछले साल की नीलामी से पहले आरसीबी ने 5 करोड़ रुपए में रिटेन किया था। दयाल ने 2022 में गुजरात टाइटंस के साथ आईपीएल डेब्यू किया था और उसी साल टीम के साथ खिताब भी जीता था।
- 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने उनके एक ओवर में लगातार पांच छक्के लगाए थे, जिसके बाद वह चर्चा में आए। 2024 में उन्हें भारत और बांग्लादेश के बीच घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया में पहली बार चुना गया था, हालांकि अभी तक उन्होंने इंटरनेशनल डेब्यू नहीं किया है।

## पूर्व पाकिस्तानी कप्तान सरफराज का इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। करीब दो दशक लंबे करियर में उन्होंने 6164 रन बनाए और उनकी कप्तानी में पाकिस्तान ने 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत को 180 रन से हराकर आठ साल बाद कउउ खिताब अपने नाम किया था।

**भारत के खिलाफ डेब्यू किया-** कराची में जन्मे विकेटकीपर बल्लेबाज सरफराज ने नवंबर 2007 में जयपुर में भारत के खिलाफ वनडे से इंटरनेशनल डेब्यू किया था। उन्होंने पाकिस्तान के लिए 54 टेस्ट, 117 वनडे और 61 टी-20 इंटरनेशनल खेले। तीनों फॉर्मेट मिलाकर उनके नाम 6164 रन हैं, जिसमें 6 शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं। विकेट के पीछे उन्होंने 315 कैच और 56 स्टंपिंग कीं। सरफराज ने पाकिस्तान की कप्तानी 100 इंटरनेशनल मैचों में की। इनमें 50 वनडे, 37 टी-20 और 13 टेस्ट शामिल हैं। उनकी कप्तानी में पाकिस्तान टी-20 इंटरनेशनल रैंकिंग में नंबर-1 बना और टीम ने लगातार 11 टी-20 सीरीज जीतने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया।

## इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में अल्काराज हारे



### मेदवेदेव ने 6-3, 7-6 से हराया, विमेंस सिंगल्स के फाइनल में आर्यना सबालेंका पहुंची

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जोहान्सबर्ग

कैलिफोर्निया में चल रहे इंडियन वेल्स ओपन में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। वर्ल्ड नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज को मेन्स सिंगल्स के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। रूस के डेनियल मेदवेदेव ने अल्काराज को सीधे सेटों में हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। अल्काराज ने साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलिया ओपन अपने नाम किया था। वहीं, विमेंस सिंगल्स में टॉप सीड आर्यना सबालेंका ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए फाइनल में जगह बना ली है। अब खिताब के लिए उनका मुकाबला एलिना रायबाकिना से होगा

मेदवेदेव ने अल्काराज को संभलने का मौका नहीं दिया मेन्स सिंगल्स के पहले सेमीफाइनल में डेनियल मेदवेदेव और कार्लोस अल्काराज 6-3, 7-6(3) से हराया। रूसी खिलाड़ी ने पहले सेट में शुरूआती ब्रेक लेकर मैच पर नियंत्रण बना लिया और पहला सेट 6-3 से अपने नाम किया। दूसरे सेट में अल्काराज ने वापसी की कोशिश की और खेल को टाई-ब्रेकर तक खींच ले गए। हालांकि, टाई-ब्रेक में मेदवेदेव ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए 7-6(3) से जीत दर्ज की और फाइनल का टिकट पक्का किया। जैनिक सिनर से होगा मेदवेदेव का फाइनल मुकाबला खिताबी मुकाबले में मेदवेदेव के सामने वर्ल्ड नंबर-2 जैनिक सिनर की चुनौती होगी।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









भारतीय श्रम बाजार में बड़ा बदलाव

## औपचारिक क्षेत्र में बढ़ रहे अनियमित मजदूर और स्व-रोजगार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत में रोजगार के मोर्चे पर बड़ा बदलाव हो रहा है। कैजुअल वर्कर्स तेजी से फॉर्मल सेक्टर का हिस्सा बन रहे हैं और स्व-रोजगार में भी वृद्धि हुई है। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया के बयान और पीएलएफएस (पीएलएफएस) डेटा पर आधारित यह विस्तृत बिजनेस रिपोर्ट पढ़ें।

भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का सकारात्मक असर अब देश के श्रम बाजार पर साफ दिख रहा है। अनियमित मजदूर तेजी से औपचारिक कार्यबल में शामिल हो रहे हैं, जिससे नियमित वेतन पाने वाले कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि हुई है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को संसद में यह जानकारी दी।

मंत्री मांडविया ने संसद के प्रश्नकाल के दौरान रोजगार के मोर्चे पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश में रोजगार लगातार बढ़ रहा है और बेरोजगारी कम हो रही है। अर्थव्यवस्था के विकास से रोजगार के अवसर उत्पन्न होते हैं। बढ़ती आर्थिक मांग को पूरा करने के लिए आपूर्ति बढ़ाना आवश्यक है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का विस्तार हो रहा है, जिससे बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा हो रही हैं। श्रम मंत्री ने पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफएस) के नवीनतम आंकड़ों का हवाला दिया। उन्होंने श्रम बाजार में आए नीतिगत और ढांचागत बदलावों को रेखांकित किया। पीएलएफएस आंकड़ों के अनुसार, अनियमित मजदूरों की संख्या में गिरावट आई है। वर्ष 2017-18 में इनकी हिस्सेदारी 24 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 19 प्रतिशत पर आ गई है।

सरकार का दावा- देश में तेल और गैस का संकट नहीं

# राज्यों को जमाखोरी पर सख्ती के निर्देश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बीते दो हफ्ते से जारी बमबारी के बीच भारत में तेल और गैस संकट की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, केंद्र सरकार ने आश्वस्त किया है कि देश में पर्याप्त तेल और गैस के भंडार हैं, इसलिए चिंता करने की जरूरत नहीं है। केंद्र सरकार ने कहा कि राज्य सरकारों को जमाखोरी के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिए गए हैं। आज की प्रेस वार्ता में केंद्र सरकार ने क्या जानकारी दी? जानिए इस खबर में

पश्चिम एशिया में ईरान और इस्राइल-अमेरिका के बीच जारी तनाव और होर्मुज क्षेत्र में तेल व गैस के जहाजों की आवाजाही प्रभावित होने की खबरों के बीच भारत में ईंधन संकट की आशंकाएं जताई जा रही हैं। हालांकि केंद्र सरकार ने साफ कहा है कि देश में पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस की कोई कमी नहीं है।

**नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील-** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि सरकार लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और देश में तेल-गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। उन्होंने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराकर बुकिंग या खरीदारी न करने की अपील की।

**पेट्रोल व डीजल के उत्पादन पर क्या बताया गया-** संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि भारत की कुल शोधन क्षमता 258 मिलियन मीट्रिक टन है और देश पेट्रोल व डीजल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है। उन्होंने कहा कि देश की सभी रिफाइनरियां फिलहाल 100 प्रतिशत या उससे अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं और उनके पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। इस वजह से पेट्रोल और डीजल के आयात की आवश्यकता नहीं है।

**देशभर के एलपीजी वितरकों में कहीं भी गैस खत्म होने की स्थिति नहीं-** एलपीजी आपूर्ति को लेकर शर्मा ने कहा कि देशभर के 25 हजार से अधिक एलपीजी वितरकों में कहीं भी गैस खत्म होने की स्थिति नहीं आई है। उन्होंने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं को बिना किसी रुकावट के एलपीजी उपलब्ध कराई जा रही है और अस्पतालों व शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर दिए जा रहे हैं।



### एलपीजी का घरेलू उत्पादन 30% बढ़ा

- उन्होंने बताया कि 5 मार्च की तुलना में रिफाइनरियों में एलपीजी का घरेलू उत्पादन लगभग 30 प्रतिशत बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों को राज्य सरकारों को उपलब्ध कराया गया है ताकि जरूरत के अनुसार प्राथमिकता तय कर उनका वितरण किया जा सके।
- संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं को पाइप्ड नेचुरल गैस और कंप्रेस्ड नेचुरल गैस की आपूर्ति भी बिना किसी कटौती के जारी है। उन्होंने वाणिज्यिक उपभोक्ताओं से अपील की कि किसी भी जानकारी के लिए वे अपने स्थानीय सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क या अधिकृत डीलरों से संपर्क करें।

### सरकार 48 हजार किलोलीटर अतिरिक्त केरोसिन का करेगी वितरण

- उन्होंने बताया कि राज्यों से यह भी कहा गया है कि वे जिलों में ऐसे स्थान चिन्हित करें जहां केंद्र सरकार द्वारा मंजूर अतिरिक्त 48 हजार किलोलीटर केरोसिन का वितरण किया जा सके। इसके अलावा वैकल्पिक ईंधन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कोल इंडिया को छोटे और मध्यम उपभोक्ताओं के लिए कोयले की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।
- सुजाता शर्मा ने अंत में देशवासियों से अपील की कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर विश्वास न करें और घबराकर गैस सिलेंडर या ईंधन की बुकिंग न करें, क्योंकि देश में तेल और गैस की पर्याप्त उपलब्धता है।

बैंकिंग सेक्टर का हाल

## 11 साल में 9.75 लाख करोड़ रुपये के लोन राइट ऑफ किए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पिछले 11 वित्तीय वर्षों में बैंकों की ओर से 9.75 लाख करोड़ रुपये के ऋण बट्टा खाते में डाल दिए गए हैं। हालांकि इसका मतलब किसी ऋण को माफ करना नहीं है। बैंकों की रिकवरी प्रक्रिया कैसे काम करती है, पूरी रिपोर्ट यहां पढ़ें।

भारतीय बैंकिंग प्रणाली में 'नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स' यानी एनपीए और लोन राइट-ऑफ की स्थिति पर सरकार ने संसद में महत्वपूर्ण आंकड़े साझा किए हैं। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि पिछले 11 वित्तीय वर्षों में बैंकों ने कुल 9.75 लाख करोड़ रुपये के ऋण को बट्टे खाते में डाला है। हालांकि, आंकड़ों में यह भारी भरकम राशि कर्जदारों के लिए कोई राहत लेकर नहीं आई है, क्योंकि सरकार ने स्पष्ट किया है कि राइट-ऑफ का मतलब किसी भी तरह से देनदारियों की माफी नहीं है।

**कैसे बढ़ा और घटा राइट-ऑफ का ग्राफ-** सोमवार को सदन में दी गई जानकारी के अनुसार, लोन राइट-ऑफ की गई राशि वित्त वर्ष 2020 में अपने सर्वोच्च स्तर 1.59 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई थी। वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान भी राइट-ऑफ की राशि 1 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर 1.59 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई थी। राहत की बात यह है कि इसके बाद से इस रुझान में लगातार गिरावट देखी जा रही है और मौजूदा वित्त वर्ष 2025 में यह आंकड़ा घटकर 47,568 करोड़ रुपये रह गया है।

पिछले कुछ वर्षों के आधिकारिक आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति इस प्रकार रही है:

- वित्त वर्ष 2015 में बैंकों ने 31,723 करोड़ रुपये के लोन राइट-ऑफ किए।
- वित्त वर्ष 2016 में यह आंकड़ा 40,416 करोड़ रुपये दर्ज किया गया।
- वित्त वर्ष 2017 में 68,308 करोड़ रुपये बट्टे खाते में डाले गए।
- वित्त वर्ष 2018 में यह राशि और बढ़कर 99,132 करोड़ रुपये हो गई थी।
- क्या राइट-ऑफ का मतलब कर्जदारों को फायदा पहुंचाना है?

उद्योगों को बड़ी राहत: सरकार ने बदले कैप्टिव पावर जनरेशन के नियम

# ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मिलेगी रफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत सरकार ने कैप्टिव पावर जनरेशन के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। उद्योगों के लिए आसान हुए नियम। 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' पर इस विस्तृत बिजनेस रिपोर्ट को पढ़ें।

भारत के ऊर्जा क्षेत्र और औद्योगिक विकास को नई दिशा देने के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ा नीतिगत कदम उठाया है। 'इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) रूल्स, 2026' को अधिसूचित करते हुए ऊर्जा मंत्रालय ने कैप्टिव पावर जनरेशन के नियमों में अहम बदलाव किए हैं। हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार किए गए इन संशोधनों का मुख्य उद्देश्य उद्योगों के लिए नियामक अस्पष्टता को खत्म करना और भारत के ऊर्जा परिवर्तन लक्ष्यों को हासिल करना है।

नए नियमों के तहत कैप्टिव पावर प्लांट्स के स्वामित्व की परिभाषा को स्पष्ट किया गया है। अब इसमें उस इकाई की सहायक कंपनियों, होल्डिंग कंपनियों और होल्डिंग कंपनी की अन्य सहायक कंपनियों को भी शामिल किया गया है, जो कैप्टिव जनरेटिंग प्लांट स्थापित करती हैं। यह स्पष्टीकरण आधुनिक कॉर्पोरेट संरचनाओं को मान्यता देता है, जहां बिजली संपत्तियों को अक्सर समूह संस्थाओं या स्पेशल पर्पस व्हीकल के माध्यम से विकसित किया जाता है।



इस नीतिगत बदलाव से यह सुनिश्चित होगा कि कॉरपोरेट समूहों के वैध कैप्टिव निवेश को केवल उनकी संगठनात्मक संरचना के कारण कैप्टिव दर्जे से वंचित न किया जाए। इसके अलावा, नियमों के अनुपालन को आसान बनाने के लिए कई प्रावधानों को सरल किया गया है।

कैप्टिव पावर जेनरेशन का मतलब है किसी उद्योग या व्यावसायिक प्रतिष्ठान द्वारा अपनी बिजली की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वयं का बिजली संयंत्र स्थापित करना। यह बिजली ग्रिड से खरीदने के बजाय, साइट पर ही (कोयला, गैस, या नवीकरणीय ऊर्जा से) पैदा की जाती है, जो निरंतर और सस्ती बिजली सुनिश्चित करती है।

### सरचार्ज और सत्यापन से जुड़ी बड़ी राहत

उद्योगों के लिए अनुपालन और वित्तीय मोर्चे पर भी महत्वपूर्ण नियम तय किए गए हैं:

**शुल्क से बचाव:** एक नया प्रावधान जोड़ा गया है जिससे कैप्टिव स्थिति के सत्यापन के दौरान डिस्ट्रीब्यूशन लाइसेंसधारियों द्वारा उपभोक्ताओं पर शुल्क लगाने से बचा जा सकेगा।

**सीएसएस और एएस पर छूट:** यदि कैप्टिव उपयोगकर्ता एनएलडीसी (अंतर-राज्यीय मामलों के लिए) या राज्य नोडल एजेंसी (अंतर-राज्यीय मामलों के लिए) की प्रक्रियाओं के अनुसार निर्धारित घोषणा जमा करते हैं, तो उन पर क्रॉस-सब्सिडी सरचार्ज (सीएसएस) और अतिरिक्त सरचार्ज (एस) नहीं लगाया जाएगा।

**जुमार्ने का प्रावधान:** यदि कोई प्लांट सत्यापन में कैप्टिव जनरेटिंग प्लांट के रूप में विफल रहता है, तो लागू सीएसएस और एएस, कैरिंग कॉस्ट के साथ देय होंगे। इस कैरिंग कॉस्ट की गणना 2022 के 'इलेक्ट्रिसिटी (लेट पेमेंट सरचार्ज एंड रिलेटेड मैटर्स) रूल्स' के तहत लेट पेमेंट सरचार्ज की बेस दर पर की जाएगी।

इंडियन ऑयल की श्रीलंकाई इकाई का आश्वासन

## पड़ोसी देश की ऊर्जा सप्लाई में नहीं पड़ेगा खलल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच लंका इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने श्रीलंका को भरोसा दिलाया है कि देश में ईंधन आपूर्ति और ऊर्जा सुरक्षा बनी रहेगी। यह आश्वासन ऐसे समय दिया गया है, जब श्रीलंका ने भारत से ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला बनाए रखने में सहयोग मांगा है।

लंका इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (एलआईओसी) ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच श्रीलंका को निरंतर ईंधन आपूर्ति और ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करने का आश्वासन दिया है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि एलआईओसी देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बयान श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेराथ द्वारा अपने भारतीय समकक्ष डॉ. एस. जयशंकर से ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला बनाए रखने के अनुरोध के बाद आया है।

एलआईओसी के प्रबंध निदेशक के. रघु ने कोलंबो में प्रबंधन छात्रों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लंका आईओसी के प्रबंध निदेशक के रूप में, मैं लोगों से केवल इतना कहना चाहता हूं कि आप सभी सुरक्षित हाथों में हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम ईंधन आपूर्ति बनाए रखेंगे और देश को ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करेंगे, जो बहुत महत्वपूर्ण है।

### एलआईओसी की श्रीलंका में भूमिका

- एलआईओसी श्रीलंका में एक महत्वपूर्ण ऊर्जा प्रदाता है, जो पूरे देश में 200 ईंधन स्टेशनों का संचालन करता है।
- कंपनी की बाजार में 20 फीसदी हिस्सेदारी है। एलआईओसी पहली बार 2003 में 20 साल के अनुबंध के तहत श्रीलंका आया था, जिसे 2023 में नवीनीकृत किया गया है।
- कंपनी ने मध्य 2022 में देश को आर्थिक संकट का सामना करने पर भी श्रीलंकाई लोगों की सहायता की थी, जब लोगों को ईंधन स्टेशनों पर लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ा था।

## ईरान की महिला फुटबॉल टीम ओमान रवाना होगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ईरानी महिला फुटबॉल टीम सोमवार रात को मलेशिया से रवाना होगी जिससे कई दिनों से चली आ रही अनिश्चितता की स्थिति खत्म हो जाएगी। ऑस्ट्रेलिया में शरण मांगकर कूटनीतिक विवाद खड़ा करने वाली टीम की सात सदस्यों में से अधिकतर ने अपने फैसले बदल लिए हैं और कुआलालंपुर में फिर से टीम से जुड़ गए हैं। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) के महासचिव विंडसर जॉन ने बताया कि टीम के सोमवार रात को रवाना होने का इंतजाम ईरानी दूतावास ने किया है। ऑस्ट्रेलिया में महिला एशियाई कप से बाहर होने के बाद टीम 10 मार्च को सिडनी से कुआलालंपुर के लिए रवाना हुई थी। शुरूआत में टीम की छह खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ का एक सदस्य टीम के साथ रवाना नहीं हुए थे जिन्होंने सुरक्षा वीजा स्वीकार कर लिया था। तब से चार खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ का एक सदस्य कुआलालंपुर में टीम से फिर से जुड़ गए हैं।

## बंगाल में डीजीपी, कोलकाता पुलिस आयुक्त को हटाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद निर्वाचन आयोग ने सोमवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी सिद्ध नाथ गुप्ता को पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया।

गुप्ता को पीयूष पांडे के स्थान पर पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया। चुनाव आयोग ने कोलकाता के पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार को भी हटा दिया और उनके स्थान पर अजय कुमार नंद को नियुक्त किया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकार को सिद्ध नाथ गुप्ता को पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक (प्रभारी) नियुक्त करने का निर्देश दिया है, जबकि नटराजन रमेश बाबू को सुधार सेवाओं का महानिदेशक नामित किया गया है। वहीं,राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने चुनाव से पहले कुछ अधिकारियों को बदलने के चुनाव आयोग के फैसले का स्वागत किया।

## एनआईए हिरासत में भेजे गए सात विदेशी नागरिक

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस स्थित विशेष एनआईए अदालत ने सात विदेशी नागरिकों को 11 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया है। एनआईए ने इन सभी को अदालत में पेश किया था और पूछताछ के लिए हिरासत की मांग की थी। मामले की सुनवाई बंद कमरे में हुई थी। अतिरिक्त सेशन जज प्रशांत शर्मा की अदालत में एनआईए ने 15 दिन की हिरासत की मांग की थी ताकि आरोपियों से मामले के विभिन्न पहलुओं पर गहन पूछताछ की जा सके। हालांकि, अदालत ने 11 दिन की हिरासत की अनुमति दी। एनआईए का आरोप है कि ये सभी विदेशी नागरिक वैध वीजा पर भारत आए थे, लेकिन इसके बाद वे मिजोरम पहुंचे, जो एक संरक्षित क्षेत्र माना जाता है। वहां से वे म्यांमार चले गए और वहां सक्रिय जातीय युद्ध समूहों से संपर्क स्थापित किया। गिरफ्तार सात विदेशियों में छह यूक्रेन और एक अमेरिकी शामिल हैं। 3 यूक्रेनी लोगों को दिल्ली, तीन को लखनऊ और एक अमेरिकी नागरिक को कोलकाता से गिरफ्तार किया गया था।

## चीन में पंजाबी भाषा की कक्षाएं चलेंगी

**बीजिंग।** चीन के बीजिंग फॉरेन स्टडीज यूनिवर्सिटी (बीएफएसयू) ने पंजाबी भाषा को अपनी विदेशी और भारतीय भाषाओं की सूची में शामिल किया है। बीएफएसयू ने पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय (बठिंडा) के भाषा, साहित्य और संस्कृति विभाग की पूर्व डीन और प्रोफेसर जमीरपाल कौर संधू बाजवा को पंजाबी भाषा पढ़ाने के लिए नियुक्त किया है। कौर ने बताया, भाषा सिखाने के अलावा वह पंजाबी इतिहास व संस्कृति की कक्षाएं संचालित करेंगी।

# होर्मुज जलडमरूमध्य पार करने के बाद मुंद्रा बंदरगाह पहुंचा, नंदा देवी से भी लाई जा रही गैस

## राहत : गैस लेकर गुजरात पहुंचा शिवालिक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कच्छ



भारतीय पोत ह्यशिवालिकह्न लगभग 40 हजार मीट्रिक टन लिक्विड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लेकर सोमवार शाम गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर पहुंच गया। यह पोत रविवार को देर रात होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार करने के बाद भारतीय तट पर पहुंचा है।

नई दिल्ली में बंदरगाह और जहाजरानी मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि कार्गो को खाली करने में कोई देरी न हो, इसके लिए मुंद्रा बंदरगाह पर दस्तावेजीकरण और अन्य औपचारिकताएं पहले ही कर दी गई थीं। मंत्रालय ने यह भी जानकारी दी है कि एलपीजी लेकर आ रहा एक अन्य भारतीय पोत ह्यनंदा देवीह्न मंगलवार तक पहुंच जाएगा। जबकि संयुक्त अरब अमीरात से 81 हजार टन कच्चा तेल लेकर आ रहा जग लाडकी भी सुरक्षित रूप से भारत की ओर बढ़ रहा है। फारस की खाड़ी क्षेत्र में वर्तमान में भारत से जुड़े 22 पोत मौजूद हैं, जिनमें 611 नाविक सवार हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 24 घंटों में उनके साथ किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है।

**तेहरान से सीधा संवाद जारी :** जयशंकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्पष्ट किया है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तेहरान के साथ सीधा संवाद कर रहा है। उन्होंने कहा कि होर्मुज जैसे महत्वपूर्ण जलमार्ग से यातायात बहाल करने के लिए ईरान के साथ समन्वय करना अधिक प्रभावी साबित हो रहा है और इसके सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे हैं। हालांकि अभी सभी भारतीय पोतों के लिए कोई औपचारिक करार नहीं हुआ है। फिलहाल उनकी आवाजाही का प्रबंधन ह्यमामले-दर-मामलेह्न के आधार पर की जा रही है।

**राष्ट्रीय सुरक्षा अहम : ईरान :** ईरान की ओर से भी बयान आया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य खुला है, लेकिन यह उन देशों और उनके सहयोगियों के लिए बंद रहेगा जिन्हें वे अपना दुश्मन मानता है।

## भाजपा ने बनाई ममता को घेरने की रणनीति, पार्टी ने 144 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बठिंडा

भाजपा ने पश्चिम बंगाल में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए सोमवार को 144 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी।

पार्टी ने तृणमूल कांग्रेस नेता ममता बनर्जी को घेरने के लिए उनकी सीट भवानीपुर से अपने नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी को उतार दिया। अधिकारी अपनी सीट नंदीग्राम से भी चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष को खड़गपुर सदर से, बिमान महतो को सालवनी से और रासबिहारी सीट से स्वपन दासगुप्ता को टिकट दिया। भाजपा ने पहली सूची में दस महिलाओं को टिकट दिया।

भाजपा ने राज्य में अपने प्रमुख नेता सुवेंदु अधिकारी को एक बार फिर ममता बनर्जी को घेरने की जिम्मेदारी सौंपी है। पिछली बार अधिकारी ने ममता बनर्जी को नंदीग्राम में हराया था। बाद में ममता बनर्जी ने भवानीपुर से उपचुनाव जीता था। इस बार अधिकारी नंदीग्राम के साथ भवानीपुर से भी चुनाव लड़ेंगे।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष खड़गपुर सदर से लड़ेंगे। अभिनेता रुद्रनिल घोष शिवपुर से, भाजपा के पूर्व सांसद अर्जुन सिंह के बेटे पवन सिंह भाटापारा से लड़ेंगे। अग्निमित्रा पाल आसनसोल दक्षिण से मैदान में होंगी। भाजपा ने पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अशोक डिंडा को मोयना विधानसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है।

### वाममोर्चा ने 192 प्रत्याशी घोषित किए

कोलकाता। वाम मोर्चा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए 192 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची की घोषणा की। इसमें राज्यसभा के निवर्तमान सदस्य विकास रंजन भट्टाचार्य और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की केंद्रीय समिति की सदस्य मीनाक्षी मुखर्जी के नाम शामिल हैं। भट्टाचार्य कोलकाता के दक्षिणी बाहरी क्षेत्र के जादवपुर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे, जबकि वाम मोर्चा की युवा चेहरा मुखर्जी हुगली जिले के उत्तरपारा से लड़ेंगी। मुखर्जी को 2021 के चुनाव में नंदीग्राम से उम्मीदवार बनाया गया था ।

## पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने युद्ध और कूटनीति के सबक दिए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

पश्चिम एशिया में दो सप्ताह से भी अधिक समय से जारी संघर्ष ने युद्ध और कूटनीति के मोर्चे पर कई सबक दिए हैं। ये सबक भारत के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण हैं और दूसरे देशों के लिए भी। ऐसे में माना जा रहा है कि यह संघर्ष आने वाले कुछ दिनों में भले ही रुक जाए, लेकिन इसका असर लंबे समय तक भू-राजनीतिक स्थितियों पर दिखेगा। भविष्य की युद्धक तैयारियां भी बदलेंगी।

युद्ध के मोर्चे पर सबक : ऑपरेशन सिंदूर की भांति इस युद्ध में भी ड्रोन एक चुनौती बनकर उभरे हैं। ईरान के ड्रोन हमलों को नाकाम करने के लिए अमेरिका और इजरायल को उससे सैकड़ों गुनी महंगी मिसाइलें दागनी पड़ीं। इस प्रकार की चुनौतियों का सामना भारत ने पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किया। उसके बाद से भारत ने अपनी युद्धक तैयारियों को मजबूत किया और इंफ्रेंट्री (पैदल सेना) की 380 बटालियों के भीतर एक-एक ड्रोन प्लाटून ह्यअश्निह्न तैयार कर ली है।

प्रत्येक प्लाटून में ड्रोन से लैस 20-25 जवान होते हैं जो इस तरह के युद्ध में माहिर हैं। यह तैयारी ठीक है, लेकिन असल चुनौती हथियार बंद ड्रोन हमले को नाकाम करने की है। इसके लिए आज तक कोई पुख्ता तकनीक नहीं है, लेकिन भारत समेत तमाम देश इसके लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी जैमर, जीपीएस स्पूफिंग, हाई पावर माइक्रोवेव जैसी तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## जम्मू-कश्मीर में भूस्खलन से एक की मौत, बर्फबारी में फंसे 214 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला

# बर्फ की चादर से ढक गए पहाड़, मैदान में बारिश ने बढ़ाई परेशानी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जम्मू/श्रीनगर/शिमला



जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी और बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में भूस्खलन से एक की मौत हो गई, जबकि भारी बर्फबारी में फंसे 235 में से 214 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है।

हिमाचल के कुल्लू जिले के अटल टनल के पास 1000 से अधिक वाहन बर्फबारी से फंस गए, जिन्हें निकालने के लिए अभियान चला रही है। अधिकारियों के अनुसार रविवार और सोमवार की रात किश्तवाड़ के डांगदुरु इलाके में एक जलविद्युत परियोजना स्थल के पास भूस्खलन हो गया, जिसमें दो मजदूर मलबे में दब गए।

बचाव अभियान के दौरान एक मजदूर मृत पाया गया, जबकि दूसरे को घायल अवस्था में निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसी दौरान सिंथन टॉप इलाके में भारी बर्फबारी के कारण 38 वाहनों में सवार 235 लोग फंस गए थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। पुलिस ने अभियान चलाकर इनमें से 214 लोगों को सुरक्षित बचा लिया है। मौसम विभाग ने बताया कि 20 मार्च तक जम्मू-कश्मीर में मौसम अनियमित रह सकता है और कई जगहों पर बारिश व बर्फबारी की संभावना है। कुछ स्थानों पर 40ह्र50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं और गरज-चमक भी हो सकती है।

### जम्मू-कश्मीरः ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी

कश्मीर घाटी के गुलमर्ग, दूधपथरी और सोनमर्ग जैसे पर्यटन स्थलों में मध्यम हिमपात, जबकि साधना टॉप, सिंथन टॉप, गुरेज और जोजिला दर्रे में भारी बर्फबारी हुई। श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी बर्फ जमा होने से यातायात रोक दिया गया है।

### जर्मनी-इटली और स्पेन समेत सात देशों ने युद्धपोत भेजने की ट्रंप की अपील ठुकराई

# होर्मुज पर अमेरिका को अपनों ने अकेला छोड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

होर्मुज जलडमरूमध्य में गहराते वैश्विक संकट के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कूटनीतिक मोर्चे पर अलग-थलग पड़ते नजर आ रहे हैं। इस मार्ग को सुरक्षित करने के लिए ट्रंप ने जिन ह्यमित्र देशोंह्ल से सैन्य मदद और युद्धपोत भेजने की अपील की थी, उन्होंने एक सुर में इसे ठुकरा दिया है।

जर्मनी ने साफ कहा कि यह उनका युद्ध नहीं है। स्पेन और इटली का कहना है कि वह ऐसा कुछ नहीं करेंगे जिसे संघर्ष बढ़ाने के तौर पर देख जाए। जापान और ऑस्ट्रेलिया ने भी युद्धपोत नहीं भेजने की बात कही है। वहीं, ब्रिटेन का कहना है कि वह युद्ध में नहीं फंसेगा। दक्षिण कोरिया ने समीक्षा के बाद ही निर्णय की बात कही है।

**धमाकों से दहल रहा मध्य पूर्व:** जंग के 17वें दिन ईरान ने दुबई हवाई अड्डे पर ड्रोन हमला किया। इससे वहां आग लग गई और उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। दूसरी ओर, अमेरिका ने कथित तौर पर चाबहार के पास ईरानी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। इजरायली वायुसेना ने तेहरान में मेहराबाद हवाई अड्डे पर एक विमान को उड़ा दिया। दावा किया कि इसका इस्तेमाल खामेनेई करते थे। बेरूत में हिजबुल्ला के ठिकाने भी तबाह करने का दावा किया।

**चीन ने कहा, सैन्य कार्रवाई रोकें:** चीन ने सभी पक्षों से सैन्य कार्रवाई तुरंत रोकने की अपील की है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बताया कि होर्मुज में तनाव ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा पर असर डाला है।



## रुख बदला तो लड़ाई रोकने को तैयार : इजरायली दूत

भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने सोमवार को कहा, अगर ईरान अपना रुख बदलता है, तो हम लड़ाई रोकने को तैयार हैं। दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अजार ने यह भी बताया कि पिछले कुछ दिनों में इजरायल ने राजनयिक माध्यमों से सलाह-मशविरा किया है, जिसमें उसके सहयोगी देश अमेरिका और इस क्षेत्र के अन्य देश शामिल हैं। रूवेन अजार ने कहा कि ईरान जिद पर अड़ गया है। उन्होंने युद्ध के संभावित अंत के लिए कोई समय सीमा भी नहीं बताई। रूवेन अजार ने कहा कि हमला करने का निर्णय यात्रा के बजाय पूरी तरह से रणनीतिक विचारों पर आधारित था। ऑपरेशनल अवसर पीएम मोदी के जाने के बाद ही मिला। अजार ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मौत की अफवाहों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू जीवित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इजरायल के एक कैफे में नेतन्याहू की यात्रा का वीडियो एआई निर्मित नहीं था।

## अफवाहों के बीच नेतन्याहू का नया वीडियो जारी हुआ

सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायेद ने सोमवार को खाड़ी क्षेत्र में ईरान के जवाबी हमलों पर चर्चा की। दिसंबर के आखिर में दोनों देशों के बीच सार्वजनिक विवाद के बाद यह उनकी दूसरी फोन कॉल थी, जिसमें उन्होंने एक-दूसरे के प्रति एकजुटता और सहानुभूति व्यक्त की।

## दुबई के हवाई अड्डे पर ईरान का धावा

**दुबई/तिरुवनंतपुरम/कोच्चि।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध सोमवार को 17वें दिन में प्रवेश कर गया। दोनों ओर से लगातार हमलों के बीच ईरान ने एक बार फिर दुबई को ड्रोन हमलों से दहला दिया। ईरान ने दुबई के सबसे व्यस्त अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाया, जिससे वहां आग लग गई। इस घटना के बाद हवाई अड्डे पर विमानों का संचालन घंटों तक ठप रहा।

बाद में धीरे-धीरे विमानों का संचालन शुरू हुआ। हमलों के चलते भारत से दुबई जा रहे दो विमानों को रस्ते से लौटना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार ड्रोन हमलों के चलते अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास लगी आग पर काबू पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। इन हमलों की वजह से ईंधन के एक टैंक को नुकसान पहुंचा। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि हमलों को देखते हुए लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए। यह भी बताया कि आग की वजह से कुछ उड़ानों को अल मकतूम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया। इस बात की भी पुष्टि की कि हमलों में कोई घायल नहीं हुआ। सोमवार को दुबई हवाई अड्डे पर हुए हमले इस युद्ध की ऐसी तीसरी घटना है।

### इजरायल ने लंबी योजना तैयार की

**तेल अवीव/वॉशिंगटन।** इजरायल ने सोमवार को दावा किया कि उसने ईरान के खिलाफ अगले तीन हफ्तों के लिए विस्तृत युद्ध योजना तैयार कर ली है। इजरायली सेना ने रविवार को रात भर ईरान के कई ठिकानों पर भारी बमबारी की, जबकि दूसरी ओर ईरान द्वारा किए गए ड्रोन हमलों के कारण दुबई हवाई अड्डे को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा और संयुक्त अरब अमीरात के एक प्रमुख तेल केंद्र को भी निशाना बनाया गया।

## अरब देशों का रुख

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के विशेषज्ञों की मानें तो इस संघर्ष के खत्म होने के बाद देखना होगा खाड़ी देश, जिन्होंने अमेरिका के बेस अपने यहां स्थापित किये थे और जिसके चलते ईरान ने उन पर हमले किए, वे भविष्य में भी अमेरिका से अपना यह सहयोग जारी रखते हैं या नहीं। प्रभावित देशों में इस मुद्दे पर सुगबुगाहट है।

अमेरिका के गहरे उलझने से चीन-रूस को कूटनीतिक मजबूती मिली है। जबकि ईरान पर हमले को लेकर अमेरिका और इजरायल दुनिया में अलग-थलग पड़ने लगे हैं। तेल और गैस की बिक्री से रूस की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। चीन ने ईरान के पक्ष में खड़े होकर कूटनीति को बहुध्रुवीय बनाने की कोशिश की है। होर्मुज जलमार्ग से भारत को करीब 40 फीसदी तेल और 70 फीसदी एलपीजी की आपूर्ति होती है। भारत ने अपनी तेल खरीद की नीति को विकेंद्रित किया है। 40 देशों से तेल खरीद की जा रही है। रूस-अमेरिकी देशों से भी तेल की खरीद होती है, उनके मार्ग अलग हैं इसलिए तेल संकट नहीं हुआ।

# पाकिस्तान की अफगानिस्तान के हॉस्पिटल पर एयरस्ट्राइक:400 की मौत, 250 घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अफगानिस्तान

पाकिस्तान ने सोमवार रात एक बार फिर अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक की है। लोकल मीडिया के मुताबिक पाकिस्तानी एयरफोर्स के लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिनमें एक हॉस्पिटल भी है। इसमें 400 लोगों की मौत हो गई, वहीं 250 से ज्यादा घायल हैं।

रिपोट्र्स के मुताबिक दारुलअमान, अरजान कीमत, खैरखाना और काबुल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास कई जगहों पर धमाकों और गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं।

तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी सेना ने काबुल में एक नशा मुक्ति अस्पताल पर बम गिराए।



तालिबान ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया है और कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के एयरस्पेस का उल्लंघन किया है।

वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया और कहा कि काबुल में किसी अस्पताल को निशाना नहीं बनाया गया।

## हमले से 2000 बेड वाले हॉस्पिटल को भारी नुकसान

अफगानिस्तान सरकार के डिप्टी प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बताया कि यह हमला स्थानीय समय के अनुसार रात करीब 9 बजे हुआ। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक यह हॉस्पिटल 2000 बेड का है। इसे भारी नुकसान हुआ है। मीडिया की टीमें जब वहां पहुंची तो अस्पताल के कुछ हिस्सों में तब भी आग लगी हुई थी। करीब 30 से ज्यादा शव स्ट्रेचर पर बाहर निकाले जा रहे थे। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि वहां बहुत ज्यादा मरीज थे, इसलिए मृतकों और घायलों की संख्या बहुत ज्यादा हो सकती है।

## जंग को उसके अंजाम तक ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार : अराघची

ब्रह्मास्त्र ▸▸ यरूशलेम

इजरायली सेना ने रविवार देर रात और सोमवार तड़के बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए। इजरायली सैन्य प्रवक्ता के अनुसार, इन हमलों में हिजबुल्ला के ठिकानों और उनके विशिष्ट ह्यरडवान फोर्सह्ल के कमांड सेंटरों को नष्ट किया गया।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सोमवार को कहा कि तेहरान ने यह दिखा दिया है कि वह इजरायल और अमेरिका के साथ युद्ध को जहां तक जरूरी हो वहां तक ले जाने के लिए तैयार है।

अराघची ने विदेश मंत्रालय की साप्ताहिक ब्रीफिंग के दौरान कहा कि मुझे लगता है कि अब तक उन्होंने एक अच्छा सबक सीख लिया होगा और समझ गए होंगे कि वे किस तरह के राष्ट्र से निपट रहे हैं। ईरान एक ऐसा राष्ट्र है जो अपनी रक्षा करने में संकोच नहीं करता है और युद्ध जहां कहीं भी जाए, उसे जारी रखने और उसे आगे तक ले जाने के लिए तैयार है। विदेश मंत्री ने कहा कि युद्ध इस तरह से खत्म होना चाहिए कि सभी दुश्मन फिर कभी ईरान पर हमला करने के बारे में न सोचें।

ईंधन डिपो पर हमले का स्वास्थ्य और जीवन पर असर : विदेश मंत्री ने कहा कि तेहरान के ईंधन डिपो पर इजरायली हमले इकोसाइड (पर्यावरण विनाश) हैं, क्योंकि इनसे निवासियों के स्वास्थ्य को लंबे समय तक नुकसान पहुंचने का खतरा है। अराघची ने एक्स पर पोस्ट किया कि तेहरान में ईंधन डिपो पर इजरायल की बमबारी अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है और यह इकोसाइड है। निवासियों के स्वास्थ्य और जीवन पर लंबे समय तक बुरा असर पड़ सकता है। मिट्टी और भूजल के दूषित होने का असर आने वाली पीढ़ियों तक रह सकता है। अराघची ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जवाबदेही की मांग की। उन्होंने जोर देकर कहा कि इजरायल को उसके युद्ध अपराधों के लिए सजा मिलनी चाहिए। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई के हवाले से कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य बंद नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने महीनों पहले इस क्षेत्र के देशों को आवश्यक चेतावनी दी थी। 60 प्रतिशत यूरेनियम होने का मतलब परमाणु बम होना नहीं है। यह दावा कि ईरानी ड्रोन अमेरिका के पश्चिमी तटों तक पहुंच सकते हैं,झूठे हैं। बगाई ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य किसी भी ऐसे देश के लिए खुला नहीं होगा जो ईरान पर हमला करना चाहता हो। इस महत्वपूर्ण जलमार्ग से पोतों का आवागमन विशेष शर्तों के तहत होगा, जिसका कारण उन्होंने इस क्षेत्र में इजरायल और अमेरिका द्वारा पैदा की गई असुरक्षा को बताया। उन्होंने मौजूदा हालात के लिए अमेरिका और इजरायल को दोषी ठहराया।

### क्या है एसपीआर

यह कच्चे तेल का एक विशाल भंडार होता है, जिसे सरकारें आपातकालीन स्थितियों के लिए सुरक्षित रखती हैं। अमेरिका के पास आपातकालीन कच्चे तेल का विश्व का सबसे बड़ा भंडार है, जिसे अमेरिकी रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार (एसपीआर) कहा जाता है। राष्ट्रपति जेराल्ड फोर्ड ने 1973-74 के अरब तेल प्रतिबंध के बाद वर्ष 1975 में एसपीआर की स्थापना की थी।

### जापान ने शुरू की प्रक्रिया


सोमवार को जापान ने अपने इतिहास की सबसे बड़ी तेल रिलीज शुरू की। सरकार के प्रवक्ता मिनोरु किहारा ने बताया कि शुरूआती चरण में 15 दिनों की खपत के बराबर निजी क्षेत्र का पेट्रोलियम भंडार जारी करने का आदेश दिया है। माना जा रहा है कि यह लगभग 20 फीसदी भंडार होगा। इससे पहले ट्रंप प्रशासन ने 172 मिलियन बैरल तेल जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## दूतावास के साथ तालमेल बैठाए बिना ईरान की सीमा पार न करें : भारत

**दुबई।** भारत ने सोमवार को ईरान में मौजूद अपने नागरिकों से कहा कि वे तेहरान में भारतीय दूतावास के साथ पहले से तालमेल बिठाए बिना ईरान की सीमा पार न करें। भारतीय दूतावास ने कहा कि जो भारतीय नागरिक दूतावास की जानकारी और मार्गदर्शन के बिना जमीनी सीमाओं के रास्ते ईरान छोड़ने की कोशिश करेंगे, उन्हें गंभीर लॉजिस्टिक और इमिग्रेशन संबंधी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। तालमेल बिठाए बिना ईरानी सीमा से बाहर चले जाते हैं, तो दूतावास उनकी मदद करने की स्थिति में नहीं होगा।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली



### बाएं से दाएं

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-2
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
8. पासे फेंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2, 3
15. चोरी करना-2, 3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफ्न करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

### ऊपर से नीचे

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़-4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | न | ल | वा | र | ■ | वि | ■ | ■ |
| ■ | क | ■ | ख | ■ | अ | ग | ज | क |
| क | त | र | ■ | क | प | ट | ■ | ह |
| ■ | र | ज | न | ■ | ना | ■ | औ | सु |
| अ | ■ | क | मी | ज | प | न | ■ | कै |
| ख | बी | ■ | ज | ■ | न | ज | ला | ■ |
| न | ■ | स | वा | ल | ■ | र | ज | ग |
| क | र | ब | ला | ■ | अ | ■ | वा | ■ |
| ■ | ■ | ल | ■ | अ | म | वा | ब | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 145 | | 31 | | 32 | | 50 | = | 94 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 44 | | 24 | | 15 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 10 | | 5 | | 40 | | 15 | = | 25 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 45 | | 40 | | 36 | | 25 | = | 59 / 16 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रा | मा | त | र | र | अ | ट | यु | क | वि |
| टी | वी | सू | ह | क्का | ल | जी | टि | ल | को | ज |
| वा | र | ल | द | अं | त | त | मा | मो | ल | य |
| सं | वि | दा | ना | ल | क | वा | हा | ह | व | म |
| दा | ज | न | प | व | म | हे | डी. | म्म | सी | वें |
| टि | य | य | स | जि | स्क | क | इ | द | म | ट |
| बे | ह | बु | मां | या | म | र | ह | र | जा | श |
| श | जा | व | ला | ज | र | सी | डी. | ट | फ | धी |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | दा | बे | जे. | र | र |
| नि | ल | च | त | र | ट | क | वें | न | गां | थ |
| या | र | म | न | लां | वा | इ | र | म्हे | ह | धी |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | |
| 1 | 2 | | 6 | | 7 | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | |
| | 6 | 1 | 4 | | 3 | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# जंग की वजह से लेबनान में 2 लाख बच्चे बेघर:दुबई में पर्यटकों की कमी

**अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 16वां दिन है। इस बीच इजराइल लगातार लेबनान पर भी हमले कर रहा है। इस वजह से करीब 8 लाख लोग घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। अल जजीरा के मुताबिक इनमें 2 लाख से ज्यादा बच्चे हैं।**

**दुबई के बाजार, समुद्र तट और वॉटरफ्रंट इलाके आमतौर पर पर्यटकों से भरे रहते हैं, लेकिन इस बार पर्यटन के व्यस्त मौसम में भी यहां असामान्य सन्नाटा दिखाई दे रहा है।**

**ईरान के साथ चल रहे युद्ध का असर अब पूरे क्षेत्र पर पड़ रहा है।**

**ईरान ने वअए में कई जगहों पर हमला किया है। इस वजह से देश की ह्रासुरक्षित पर्यटन स्थलह्र वाली छवि पर भी असर डाला है। इस वजह से दुबई के कई लोकप्रिय पर्यटन स्थल, जैसे दुबई क्रीक के किनारे स्थित अल सीफ वॉटरफ्रंट मार्केट और बुर्ज अल अरब जैसे लक्जरी होटलों के पास के समुद्र तटों पर आम दिनों की तुलना में काफी कम पर्यटक दिखाई दे रहे हैं।**









## दक्षिणी लेबनान में हिज्बुल्लाह और इजराइली सेना के बीच झड़प

हिज्बुल्लाह के लड़ाकों और इजराइल डिफेंस फोर्सेज के बीच दक्षिणी लेबनान में झड़प हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइली सेना के आगे बढ़ने के दौरान कई कस्बों पर एयरस्ट्राइक और भारी गोलाबारी की गई, जिनमें मेफदौन, जावतार, याहमार और अर्नौन जैसे इलाके शामिल हैं।

इस दौरान हिज्बुल्लाह ने आगे बढ़ रहे इजराइली सैनिकों पर गाइडेड मिसाइलें और रॉकेट दागे। इजराइली सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट बेन कोहेन ने कहा कि हिज्बुल्लाह एक ईरानी समर्थित आतंकवादी संगठन है और इजराइल अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए सीमा पर मजबूत कार्रवाई कर रहा है।

## इटली-स्पेन में मिडिल-ईस्ट में जारी युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन

इटली और स्पेन में शनिवार को हजारों लोगों ने मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्धों और इटली की सरकार के प्रस्तावित न्यायिक संसाधित के खिलाफ प्रदर्शन किया। राजधानी रोम में भी बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतरे और सरकार के उम्मीदवारों का विरोध किया।

इटली में 22 मार्च को न्यायिक सिस्टम में बदलाव को लेकर राष्ट्रीय जनमत संग्रह (रेफरेंडम) होने वाला है, जो प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सरकार के लिए बड़ा राजनीतिक टेस्ट माना जा रहा है। इन संसाधित को लेकर सरकार और संसाधित के बीच टकराव भी काफी बढ़ गया है।

वेस्ट एशिया में बढ़ते तनाव के बीच यूनाइटेड अरब अमीरात के अहम तेल हब फुजैराह पोर्ट पर रुकावट आ गई।

# ट्रम्प बोले-होर्मुज स्ट्रेट खोलने के लिए दूसरे देश वॉरशिप भेजें

**अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 15वां दिन है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर काफी सख्त बयान दिया है। उनका कहना है कि यह समुद्री रास्ता किसी भी हाल में बंद नहीं होने दिया जाएगा।**

ट्रम्प ने कहा कि दुनिया के कई देशों को आगे आकर इसको सुरक्षित रखना चाहिए, क्योंकि कई देशों की तेल सप्लाई इसी रास्ते से होती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि चीन, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया और ब्रिटेन जैसे देश भी अपने वॉरशिप भेजकर इस रास्ते को खुला रखने में मदद करेंगे।

उन्होंने यह भी दावा किया कि हालिया हमलों के बाद ईरान की सैन्य क्षमता लगभग खत्म हो चुकी है, हालांकि वह अभी भी ड्रोन, समुद्री माइंस या छोटी दूरी की मिसाइलों से खतरा पैदा कर सकता है।

होर्मुज स्ट्रेट ग्लोबल एनर्जी सप्लाई के लिए बेहद अहम समुद्री मार्ग है, जहां से दुनिया के करीब 20 प्रतिशत कच्चे तेल का व्यापार होता है।

संयुक्त अरब अमीरात ने सोशल मीडिया पर वायरल और झूठे वीडियो क्लिप फैलाने के आरोप में 10 लोगों को गिरफ्तार करने और उनके खिलाफ जल्दी मुकदमा चलाने का आदेश दिया है। यह कार्रवाई ईरान से जुड़े युद्ध के कारण क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच की गई है। वअए के अटॉर्नी जनरल हमद सैफ अल शम्सी ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म की लगातार निगरानी के दौरान यह मामला सामने आया। उनके अनुसार कुछ लोग सही गलत जानकारी फैलाने वाले लोगों को निष्क्रिय कर रहे थे और इससे देश की सुरक्षा और स्थिरता पर असर पड़ सकता है।

इजराइल डिफेंस फोर्सेज (क्ळ्र) के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट बेन कोहेन ने कहा कि ईरान के आतंकवादी शासन के खिलाफ कड़ा कदम उठाना जरूरी है। उनका कहना है कि इजराइल ऐसे खतरे को सिर्फ रोक नहीं बल्कि पूरी तरह खत्म करना चाहता है। उन्होंने कहा कि इजराइल का लक्ष्य टिक-टिक करते टाइम बम को सिर्फ निष्क्रिय करना नहीं, बल्कि उसे पूरी तरह हटाना है। उनके मुताबिक इजराइल ऐसी स्थिति में नहीं रह सकता जहां कोई शासन खुलेआम इजराइल और अमेरिका के खिलाफ धमकियां देता हो।

जराइल ने संकेत दिया है कि वह 2006 के बाद लेबनान पर बड़ा जमीनी हमला कर सकता है। इसी बीच तनाव कम करने के लिए बातचीत की तैयारी भी चल रही है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस मामले को संभालने के लिए अपने करीबी सहयोगी रॉन डर्मर को जिम्मेदारी दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, बातचीत जल्द ही शुरू हो सकती है और इसमें अमेरिका की ओर से जेरेड कुशनेर शामिल हो सकते हैं। वहीं लेबनान के नेता नबीह बेरी ने कहा है कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन उससे पहले युद्धविराम होना जरूरी है।



■ वर्ष-12 अंक-132 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 17 मार्च, 2026

## सुभाषितानि

तर्कविहीनो वैद्यः लक्षण हीनश्च पण्डितो लोके।
भावविहीनो धर्मो नूनं हस्यन्ते त्रीण्यपि।।

**भावार्थ** : बिना तर्क के वैद्य, बिना लक्षण के विद्वान और भावना के बिना धर्म वे निश्चित रूप से दुनिया में हंसने योग्य हो जाते हैं।

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।।
क्षुरस्य धारा निशिता दुरत्यया दुर्गं पथस्तत्कवयो वदन्ति।।

**भावार्थ** : उठो, हे सज्जनों, सावधान रहो। श्रेष्ठ (ज्ञानी) पुरुषों को प्राप्त करके (जाकर) ज्ञान प्राप्त करें। त्रिकालदर्शी (बुद्धिमान व्यक्ति) उस पथ (दर्शन का मार्ग) को उस्तरा की तेज (पार करने में कठिन) धारा (बहुत कठिन) के समान (समान) कहते हैं।

## रेलप्रशासनं चिरकालात् तेषां वैधमागधान् अवहेलयति इति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

रेलप्रशासनं चिरकालात् तेषां वैधमागधान् अवहेलयति इति निवासिनः आरोपितवन्तः। स्टेशन परिसरे पुलिसस्य महती उपस्थितिः नियोजिता आसीत्। विरोधस्य वार्ता प्राप्य प्रशासनेन एतत् स्टेशनं छावनीरूपेण परिणतम्। आरपीएफ, जीआरपी, स्थानीयपुलिसः च पटलानां परितः दृढं बाधां स्थापितवन्तः। आन्दोलनकारिणां पुलिसानां च मध्ये किञ्चित् लघु-लघु-विवादः, विवादः च अभवत्, परन्तु स्थितिः वर्धयितुं पूर्वं निवृत्ता अभवत्। रेलवे अधिकारिणः आश्वासनं दत्तवन्तः। रेलमार्गाधिकारिणः प्रशासनिकाधिकारिणः च घटनास्थले आगत्य ग्रामजनैः सह वातालापं कृत्वा तेषां ज्ञापनपत्रं गृहीतवन्तः। अधिकारिणः तान् आश्वासितवन्तः यत् ते माङ्गं उच्चस्तरं प्रति वर्धयिष्यन्ति, शीघ्रमेव निर्णयः क्रियते इति। एतस्य आश्वासनस्य अनन्तरं विरोधः निरस्तः अभवत्।

## सम्पादकीयम्

# महोदयः

उत्तरप्रदेशे विशेषसघनपुनरीक्षणस्य मसौदासूची प्रकाशिता अस्ति, यत्र २.८९ कोटिनामानि विलोपितानि सन्ति। निर्वाचनआयोगेन लोपस्य कारणानि व्याख्यातानि, परन्तु जनानां दावानां आक्षेपाणां च सरलप्रक्रियायाः आवश्यकता वर्तते। बिहारे एसआईआर-सञ्चालनं कृतम्, यत्र प्रारम्भिकसूचिकातः ६५ लक्षं नाम विलोपितम्। बहुराजनैतिकविवादस्य विस्तारितानां समयसीमानां च अनन्तरं उत्तरप्रदेशे विशेषसघनपुनरीक्षणस्य मसौदासूची अन्ततः प्रकाशिता अस्ति। प्रथमचरणस्य अनन्तरं २.८९ कोटिनामानां लोपः पूर्वमेव प्रत्याशितम् आसीत् इति निर्वाचनआयोगेन उक्तम्। अद्यावधि येषां ११ राज्यानां केन्द्रप्रदेशानां च मसौदासूचिकाः प्रकाशिताः तेषां मसौदे सूचीयां कुलम् ३.६९ कोटिनामानि विलोपितानि सन्ति। मसौदासूची अन्तिमा नास्ति। अद्यापि जनानां दावानां आक्षेपाणां च अवसरः अस्ति, परन्तु प्रक्रिया सरलं सामान्यनागरिकस्य समावेशी च भवेत्। बिहारस्य उदाहरणम्। प्रथमचरणस्य २८.९ मिलियनं नाम विलोपितम्: बिहारे एस.आइ.आर. तत्र प्रकाशितायां प्रारम्भिकसूचौ ६५ लक्षं नाम विलोपितम् आसीत्, येन पर्याप्तः कोलाहलः जातः। यदा सूची संशोधिता तदा १७.९ लक्षं मतदाताः योजिताः। उत्तरप्रदेशे अन्येषु च राज्येषु अपि एतादृशाः परिवर्तनाः दृश्यन्ते यत्र आक्षेपाः गृह्यन्ते वा गृह्यन्ते वा। बङ्गदेशे विवादाः। आवश्यकी निर्वाचनप्रक्रिया अस्ति चेदपि एसआइआर-सम्बद्धाः।

## अनुसूचित जातिस्य टिप्पणीः मुस्लिममहिलानां कृते

# समानविरासताधिकारं याचयन्ती पीआईएलविषये, यूसीसी एकमात्रमार्गः



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

मुस्लिममहिलानां समानविरासताधिकारस्य माङ्गल्याः विषये सर्वोच्चन्यायालयेन स्पष्टतया उक्तं यत् सर्वेषां महिलानां समानाधिकारं सुनिश्चित्य एकमेव उपायः एकरूपनागरिकसंहिता इति। मुस्लिममहिलानां समानविरासताधिकारं याचमानस्य जनहितमुकदमस्य सुनवायीकाले मंगलवासरे एतत् वक्तव्यं प्राप्तम्।

न्यायालयस्य टिप्पणीयाः कारणात् देशे सर्वत्र बहसः उत्पन्ना यतः मुस्लिमसमुदायस्य विशालः भागः अद्यापि उत्तराधिकारस्य असमानतायाः सामनां करोति। पीठिका अपि पृष्टवती यत्, यदि शरीयत-कानूनस्य उत्तराधिकार-प्रावधानं निरस्तं भवति तर्हि उत्तराधिकारस्य विषये कः नियमः प्रवर्तते?

न्यायालयः अवदत् सुनवायीकाले मुख्यन्यायाधीशः सूर्यकान्तः, न्यायाधीशः आर.महादेवनः, न्यायाधीशः जॉयमाला बागची च समाविष्टाः पीठिका समाजे अनेकानि असमानतानि अवलोकितवन्तः। तेषां प्रश्नः आसीत् यत् आदिवासीसमुदायसहिताः अनेकेषु समाजेषु एतादृशी असमानता विद्यते वा इति। किं सर्वोच्चन्यायालयः तान् सर्वान् एकस्मिन् एव क्षणे समाप्तुं शक्नोति? समानतायाः यथार्थं उद्देश्यं एकपत्नीविवाहः इति अर्थात् एकः पुरुषः एकः महिला च इति पीठिका अपि प्रश्नं कृतवती। परन्तु देशे एतत् प्रयोजनं सिद्धं जातम् वा? किं सर्वोच्चन्यायालयः देशे सर्वत्र बहुपत्नीत्वं निरस्तं कर्तुं शक्नोति?

असमानतायाः विषये के प्रश्नाः उत्थापिताः आसन्? न्यायालयेन अस्मिन् विषये गभीरं विचारः कृतः, मुस्लिममहिलानां पुरुषैः सह उत्तराधिकारस्य समानभागः न प्राप्यते इति प्रमुखा समस्या इति उक्तम्। याचिकायाः श्रवणकाले पीठिका इदमपि अवलोकितवती यत् समाजे आदिवासीसमुदायेषु सामान्याः रीतिरिवाजाः अपि सन्ति इति बहवः असमानताः सन्ति। एतानि सर्वाणि असंवैधानिकानि इति न्यायालयः घोषयितुं शक्नोति वा? न्यायालयेन प्रश्नः कृतः यत् एतत् करणं व्यावहारिकं वा इति। समानतायाः कानि आव्हानानि सन्ति? न्यायालयेन समानतायाः बृहत्तरं लक्ष्यं सम्बोधयित्वा उक्तं यत् स्त्रीपुरुषयोः विवाहस्य प्रवर्धनं अत्यावश्यकम्। परन्तु देशस्य अनेकेषु भागेषु अद्यापि बहुविवाहाः भवन्ति। किं सर्वोच्चन्यायालयः देशे सर्वत्र एतादृशान् सर्वान् विवाहान् निरस्तं कर्तुं शक्नोति?

## पाकिस्तानीक्रीडकस्य

# कोटिरूप्यकाणां क्रयणं कृत्वा आक्रोशितः सुनीलगावस्करः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

इङ्गलैण्डस्य 'द हन्ड्रेड्' लीग इत्यस्मिन भारतीयस्वामित्वयुक्तेन फ्रेञ्चाइजेन पाकिस्तानीक्रीडकस्य अधिग्रहणस्य अनन्तरं क्रिकेट्-जगति विशालः कोलाहलः प्रवृत्तः। सनराइजर्स् लीड्स्-सन्-समूहस्य स्वामिनः काव्य-मरन्-इत्यस्य स्वामित्वे स्थापितः दलः- अधुना एव पाकिस्तानी-स्पिनर-अब्रार-अहमदस्य सेवां नीलाम्यां सुरक्षितवान्, तस्य स्व-दले प्रवेशार्थं महतीं धनं दत्तवान् यदा भारते सामाजिकमाध्यमेषु अस्य निर्णयस्य विषये जन आक्रोशः पूर्वमेव वर्धमानः आसीत्, तदा पौराणिकः भारतीयक्रिकेटक्रीडकः सुनीलगावस्करः अधुना तीक्ष्णसमीक्षया तौलितवान् अस्ति। अस्य कदमस्य दृढतया निन्दां कुर्वन् सः निर्विवादरूपेण अवदत् यत् पाकिस्तानीक्रीडकं कोटिरूप्यकाणां शुल्कं दातुं भारतीयसैनिकानाम् नागरिकानां च मृत्योः अप्रत्यक्षरूपेण योगदानस्य बराबरम् अस्ति।

पाकिस्तानी खिलाडी 2.3 कोटिभ्यः क्रीतवान् 'द हन्ड्रेड्' लीग् नीलाम्यां सनराइजर्स् लीड्स् इत्यनेन पाकिस्तानस्य स्पिनरं अब्रा ́अहमदं १९०,००० इत्येव पर्याप्तं बोलीद्वारा अधिग्रहीतम्- यत् प्रायः २.३ कोटिरूप्यकाणां बराबरम् अस्ति विवादः तत्रैव न समाप्तः; नीलामस्य अनन्तरं दलस्य प्रशिक्षकः डैनियल वेट्टोरी इत्यनेन अपि टिप्पणी कृता यत् अन्यः पाकिस्तानी स्पिनरः उस्मान् तारिकः अपि तेषां रडारे आसीत्। अस्य विकासस्य विषये क्रोधेन प्रतिक्रियां दत्त्वा सुनीलगावस्करः *मध्यदिवसस्य* कृते स्वस्य स्तम्भे लिखितवान् यत् भारतीयमताधिकारस्य अस्य कदमस्य परितः कोलाहलः सर्वथा न्याय्यः स्वाभाविकः च अस्ति। सः स्मरणं कृतवान् यत् २००८ तमे वर्षे मुम्बई-नगरे आतङ्कवादी-आक्रमणात्।

## राशिफल

**मेष** : छोटी-मोटी बातों के बाद घर का जीवन शांत महसूस होगा। पानी खूब पिएं। हल्की वॉक सेहत को दुरुस्त रखेगा।

**वृषभ** : दोस्त और परिवार आपके प्लान में सपोर्ट करेंगे। इस दिन काम पर क्लियर कदम उठाने और अच्छे टीमवर्क पर फोकस करें।

**मिथुन** : हेल्दी आदतें बनाए रखें। संतुलन पर फोकस करें। भरपूर नींद लें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु संयत रहें।

**कर्क** : साथ ही परिवार के रिश्ते भी अच्छे और खुशहाल रहेंगे। खुद पर ज्यादा बोझ न डालें।

**सिंह** : ऑफिस से जुड़ी कोई सीरियस प्रॉब्लम आपकी लव लाइफ पर प्रभाव नहीं डाल सकेगी।

**कन्या** : अपनी प्रोडक्टिविटी से जुड़ी दिक्कतों को सुलझाने के लिए कदम उठाएं। आपको पैसे से जुड़े सुरक्षित फैसले लेना चाहिए।

**तुला** :काम पर फोकस करना चाहिए। बस अपनी भावनाओं को खुलकर महसूस करने और विकसित होने का समय दें।

**वृश्चिक** : आज के दिन काम पर अपना बेस्ट देने की कोशिश करें। बेहतर भविष्य के लिए अच्छे इन्वेस्टमेंट पर फोकस करें।

**धनु** : फाइनेंशियल तौर पर आप नए डिसीजन लेने के लिए तैयार हैं। आपकी हेल्थ भी अच्छी है।

**मकर** : अपनी हेल्थ प्रॉब्लम को ध्यान से हैंडल करें। आपको सब्र से सुनने की जरूरत है। समय पर भोजन करें।

**कुंभ** : आपको खर्च पर भी कंट्रोल रखना चाहिए। आज कुछ बीमारियां आपको परेशानी दे सकती हैं।

**मीन** : आपके रिलेशन में कोई बड़ी दिक्कत नहीं आएगी। आध्यात्मिकता की ओर रुचि बढ़ सकती है।


## ज्योतिष/वास्तु

# सूर्य ने ली गुरु के घर एंट्री, वृषभ समेत इन राशि वालों के बदल जाएंगे दिन

सूर्य ने ली गुरु के घर एंट्री, वृषभ समेत इन राशि वालों के बदल जाएंगे दिन

सूर्य मीन राशि में प्रवेश कर चुके हैं। इसी के साथ खरमास का प्रारंभ भी हो गया है। ऐसे में यह समय कुछ राशियों के लिए विशेष रूप से फलदायक रहने वाला है। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

15 मार्च 2026 को सुबह 12 बजकर 41 मिनट पर सूर्य देव मीन राशि में प्रवेश कर चुके हैं। उनका राशि परिवर्तन व्यक्ति के जीवन पर गहरा प्रभाव डालता है। चूंकि सूर्य ऊर्जा, आत्मविश्वास, मान-सम्मान और प्रतिष्ठा के कारक है। इसलिए जातकों के प्रभाव में सकारात्मक वृद्धि होती हैं। ज्योतिषियों के अनुसार, मीन राशि चक्र की आखिरी राशि है, जहां पहले से ही शनिदेव मौजूद है। ऐसे में सूर्य



के यहां आने से शनि-सूर्य की युति का निर्माण भी हो रहा है। ऐसे में यह गोचर कुछ राशियों के लिए विशेष रूप से शुभ साबित हो सकता है। इस दौरान कुछ जातकों को धन लाभ, करियर में सफलता और नई उपलब्धियां मिलने के संकेत हैं। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**वृषभ राशि-** सूर्य का गोचर वृषभ राशि वालों के ग्यारहवें भाव में होगा। आय के नए स्त्रोत बन सकते हैं और आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होने पर वाहन या नया घर खरीदने के संकेत हैं। रोजी-रोजगार तलाश रहे लोगों को मनचाहा काम मिल सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ रिश्ते भी मधुर बने रहेंगे। विदेश यात्रा की प्लानिंग करेंगे।

**तुला राशि-** तुला राशि वालों के छठे भाव में सूर्य गोचर होगा। आपके भीतर सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। इस समय आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम देखने को मिल सकता है। सत्ता-सरकार से जुड़े हुए लोगों के साथ संबंध मजबूत होंगे। निवेश से अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। जीवनसाथी से जुड़े मामलों में भी शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। कार्यक्षेत्र में आपके प्रयास सफल हो सकते हैं।

**मकर राशि-** मकर राशि वालों के तीसरे भाव में यह गोचर होगा। मांगलिक कार्यों में शामिल होने के अवसर प्राप्त होंगे। संतान पक्ष की तरफ से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। पैतृक संपत्ति से जुड़ा कोई लाभ मिलने की संभावना बन सकती है। प्रयासों के दम पर आप आगे बढ़ने में सफल हो सकते हैं। आपको परिश्रम का पूरा फल प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में किसी ऐसे प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है।

## खबर एक नजर...

### सगाई तुड़वाने की शंका में ग्रामीण के साथ मारपीट

**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम लसुडिया अमरा में रहने वाले गंगाराम पिता अमरा गुजराती 40 साल के साथ रविवार रात गांव के रहने वाले राधेश्याम और तूफान ने जंगल में ले जाकर मारपीट की गई। दोनों जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। घायल गंगाराम ग्रामीणों की मदद से थाने पहुंचा और दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। गंगाराम ने बताया कि राधेश्याम घर आया था और बाइक पर बैठकर साथ ले गया। वह गांव का रहने वाला है, इसलिये साथ चला गया था, लेकिन जंगल के रास्ते में उसने तूफान के साथ मिलकर मारपीट की और आरोप लगाया कि उसने राधेश्याम की सगाई तुड़वाई है। पुलिस के अनुसार मारपीट करने वालों की तलाश जारी है।

### पाटपाला में दुर्घटना, पत्नी की मौत पति घायल

**उज्जैन।** मक्सीरोड पाटपाला में रविवार देर शाम दो पहिया वाहन पर सवार रतनलाल कुसमारिया 60 साल और पत्नी चंदाबाई 55 साल निवासी सिद्धपुर निपानिया तराना को डंपर क्रमांक एमपी 13 जी ए 4143 ने टक्कर मार दी। दुर्घटना के मौके पर चंदाबाई की मौत हो गई। पति रतनलाल गंभीर घायल हुआ। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची। चालक डंपर लेकर भाग निकला था। नम्बर सामने आने पर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया और मृतक चंदाबाई के मामले में मर्ग कायम कर सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। घायल रतनलाल का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। परिजनों ने बताया कि दोनों पति-पत्नी ग्राम नरवर में रहने वाले भतीजे जीवन द्वारा फांसी लगाकर की गई आत्महत्या की खबर मिलने पर गमी में शामिल होने जा रहे थे।

### सोड़ंग में मिली युवक की लाश, शिनाख्त के प्रयास

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सोड़ंग में सोमवार एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची। उक्त व्यक्ति को चरक अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत होने की पुष्टि डॉक्टरों द्वारा की गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया। मृतक के पास पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला। जिसके चलते पुलिस ने सोड़ंग में ग्रामीणों से पूछताछ शुरू की। इस दौरान सामने आया कि मृतक कुछ दिनों से क्षेत्र में घूम रहा था और भिक्षावृति कर रहा था। एसआई महेन्द्र सेंधव के अनुसार मृतक की 45 साल के लगभग है, जिसकी शिनाख्त कर परिजनों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। मंगलवार तक पहचान नहीं हुई तो पोस्टमार्टम कराकर शव दफनाया जायेगा।

### बारात में नाचने की बात पर युवक को मारे चाकू

**उज्जैन।** खाचरौद के ग्राम बटलावदी में रविवार-सोमवार रात ग्राम जालोद जिला रतलाम से बारात आई थी। रात 12.30 बजे बारात में नाचने के दौरान बारातियों का ग्राम बटलावदी में रहने वाले कुछ युवकों से विवाद हो गया। युवकों ने बारात गांव में लाने और नाचने की बात को लेकर सुनील पिता मदनपाल नरवरिया निवासी जलोद पर चाकू से हमला कर दिया। चाकूबाजी होने पर बारात में अफरा-तफरी मच गई। घायल सुनील को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। मामले की जानकारी लगने पर खाचरौद पुलिस ने घायल के भाई अर्जुन नरवरिया की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है। चाकू मारने वालों के नाम जीवन पिता दशरथ चंद्रवंशी, रितिक सामने आये है। दोनों के साथ विवाद में उनके कुछ साथी भी शामिल थे। पुलिस के अनुसार दोनों नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद अन्य साथियों के नाम सामने आ पायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 249-5 | 224-8 |
| मेन बाजार | 579-1 | 669-1 |
| मिलन डे | 135-9 | 110-2 |
| मिलन नाइट | 359-7 | 890-7 |

2 4 8

### बोरदा मांडा के सरपंच से मांगे थे 45 हजार, 15 हजार ले चुका था

# रिश्वत की राशि 30 हजार लेते पकड़ाया पंचायत सचिव

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यो की राशि स्वीकृति के लिये सरपंच से रिश्वत मांगने वाले पंचायत सचिव को लोकायुक्त की टीम ने सोमवार को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। सचिव पूर्व में 15 हजार रुपए ले चुका था, उसके द्वारा 45 हजार की मांग की गई थी। सचिव के साथ ठेकेदार भी आरोपी बना है।

12 मार्च को तराना तहसील के ग्राम बोरदा मांडा के सरपंच राजेश चतुर्वेदी द्वारा लोकायुक्त कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को शिकायत की गई कि उनके द्वारा ग्राम पंचायत बोरदा मांडा में निर्माण कार्य कराये गये है। जिसकी राशि स्वीकृति के लिये पंचायत सचिव दरबारसिंह राठौड़ ने 45 हजार की रिश्वत मांगी है। 15 हजार रुपए पूर्व में ले चुका है। शिकायत का सत्यापन निरीक्षक दीपक शेजवार को सौंपा गया, जो सही पाया गया। पंचायत सचिव को रंगेहाथ पकड़ने की योजना बनाई गई और उपपुलिस अधीक्षक राजेश पाठक के नेतृत्व में निरीक्षक दीपक शेजवार आरक्षक श्याम शर्मा, संजीव कुमारिया, इसरार, सहायक ग्रेड 3 रमेश डाबर सहित 10 सदस्यों की टीम गठित की गई। सोमवार शाम सरपंच राजेश चतुर्वेदी को रिश्वत की शेष राशि 30 हजार देकर ग्राम पंचायत कार्यालय बोरदा मांडा तराना भेजा गया। जहां पंचायत सचिव दरबारसिंह सरपंच राजेश की कार क्रमांक एमपी 09 सीएच 5873 में बैठ कायथा थाने के पास रोड़ तक आया। लोकायुक्त की टीम भी पीछे-पीछे पहुंची। सचिव ने कार में ही रिश्वत की राशि ली और अपने साथी ठेकेदार कमल बंजारा को दी। पंचायत सचिव के रिश्वत लेते ही लोकायुक्त की टीम पहुंच गई और सचिव के साथ ठेकेदार को कस्टडी में लेकर रिश्वत के लिये रूप में लिये गये 30 हजार जप्त कर लिये।

#### ठेकेदार को भी बनाया गया आरोपी

निरीक्षक शेजवार ने बताया कि रिश्वत लेते पंचायत सचिव दरबारसिंह राठौड के साथ ठेकेदार को भी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया है। रिश्वत लेने की प्रक्रिया के दौरान दोनों के हाथ धुलवाये गये थे, इस दौरान उनके हाथों से रिश्वत का रंग सामने आया है। पंचायत सचिव के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के लिये लोकायुक्त की ओर से पत्र लिखा जायेगा। मामले की विवेचना जल्द पूरी कर विशेष न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया जायेगा।

## चाक समझ नाबालिग ने खाई लक्ष्मण रेखा, बिगड़ी हालत

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र के शंकरपुर में रहने वाली 15 वर्षीय बालिका गुलनाज पिता शेरअली को सोमवार दोपहर परिजन उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। गुलनाज ने कीड़े-मकोड़ों को मारने वाली लक्ष्मण रेखा खा ली थी। परिजनों ने बताया कि गुलनाज को चाक खाने की आदत है। घर में लक्ष्मण रेखा कीटनाशक चाक रखा था, जो उसने गलती से खा लिया है। मामले की सूचना मिलने पर पंवासा थाना पुलिस अस्पताल पहुंची थी।

### शराब नहीं मिली तो रेत लिया खुद का गला

**उज्जैन।** घर में रखी शराब की बोतल नहीं मिलने पर युवक ने खुद का गला रेत लिया। परिजन उसे उपचार के लिये रात में चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। मामला सुसनेर का होना सामने आया है। जहां से रविवार-सोमवार रात संजय पिता नारायण 30 को घायल हालत में परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। संजय का गला कटा हुआ था।

# कार में छुपाकर लाया था शराब की 200 बोतल




### घेराबंदी कर पुलिस ने पकड़ा, रिमांड पर पूछताछ

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

रात के अंधेरे में युवक कार में छुपा कर देशी-अंग्रेजी शराब ला रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की। कार से 200 बोतल शराब मिलने पर युवक को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए दो दिनों की रिमांड पर लिया है।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येंद्रसिंह चौधरी ने बताया कि रविवार-सोमवार को सूचना मिली थी कि इको कार सुंदराबाद से बालोदा लक्खा की ओर जाने वाली है जिसमें बड़ी मात्रा में शराब भरी हुई है। सूचना पर रात 1.30 बजे के लगभग रूनिजा चौपाटी पर नाकाबंदी की गई। कुछ देर में सातरूण्डा मार्ग से इको कार क्रमांक एमपी 43 झेडजी 5449 आती दिखाई दी। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर रोका गया। जिसमें चालक प्रेम सिंह उर्फ पिंटू पिता जीवनलाल बंजारा निवासी ग्राम सिमलावदा थाना बिलपांक जिला रतलाम मौजूद था। उसे हिरासत में लेकर कार की तलाशी ली गई तो उसमें से अंग्रेजी और देशी शराब की 200 छोटी-बड़ी बोतले कागज के खोखो में भरी होना सामने आई। कार जप्त कर चालक को थाने लाया गया और मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया। सोमवार दोपहर आरोपी को न्यायालय में पेश कर दो दिन की रिमांड पर लिया गया है।

### शराब इंदौर की, लाया था कानवन से

थाना प्रभारी ने बताया कि बरामद हुई शराब 1.30 लाख रुपए कीमत की है, जप्त कार 6 लाख की पाई गई है। आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि शराब कानवन के दो युवकों से लेकर आया था जो इंदौर से लाकर बेचने का काम करते हैं। शराब बड़नगर की ओर लेकर जा रहा था। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी से पूछताछ में सामने आई जानकारी के बाद एक टीम कानवन भेजी जा रही है। इस बात का पता भी लगाया जा रहा है कि आरोपी शराब किसे देने के लिए आया था। संभावना है कि अवैध शराब तस्करी मामले में आरोपियों की संख्या बढ़ सकती है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com